RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-11 अंक-10 जयपुर, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 मूल्य-4 रुपये

## प्रधानमंत्री मोदी ने मेलबर्न में 30 हजार लोगों को किया संबोधित किया

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम डील पर मुहर

### मोदी बोले- क्रिकेट जैसा मजबूत है भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता

मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की।

मोदी ने कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर



स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी।

मोदी ने 16 साल के बच्चों को सोशल मीडिया बैन करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया के कानून और बच्चों के लिए एक सुरक्षित ऑनलाइन माहौल बनाने के उसके तरीके से बहुत कुछ सीख रहा है। इसके बाद मेलबोर्न में 30 हजार भारतीयों को संबोधित किया।

पीएम अल्बनीज ने कहा- अब तक दोनों देशों की सप्लाई चेन तो जुड़ी हुई थी, लेकिन हमारी नीतियां अलग-अलग थीं। आज का यह कदम उस दूरी को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज हमने 2015 के भारत-ऑस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते के तहत भारत को यूरेनियम निर्यात की व्यवस्था पर साइन किए हैं। हम दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

### एआई, क्वांटम, सेमीकंडक्टर पर मिलकर काम करेंगे

*दोनों देशों ने ऑस्ट्रेलिया-भारत साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन (PACTS) पार्टनरशिप शुरू करने पर सहमति जताई है। इसके तहत दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल रेजिलिएंस जैसे क्षेत्रों में एकसाथ रिसर्च करेंगे।*

### रिश्तों को क्रिकेट से जोड़ा

पीएम मोदी ने कहा- दोनों देशों का रिश्ता क्रिकेट जैसा है। हमारी मुलाकातें क्रिकेट की तरह होती हैं। एजेंडे में वनडे जैसा फोकस है, फैसले टी-20 की तरह तेजी से होते हैं और हमारी साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी और मजबूत है।

### भारत में आएगा 500 मिलियन डॉलर का निवेश




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मेलबर्न में आयोजित 'इंडिया-ऑस्ट्रेलिया CEO फोरम' और 'इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस रिसेप्शन' में हिस्सा लिया। इस दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक, रणनीतिक और निवेश संबंधों को नई दिशा देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े पेंशन फंड ऑस्ट्रेलियनसुपर ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर फंड में 500 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर निवेश करने का ऐलान किया। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब भारत वैश्विक निवेशकों के लिए सबसे तेजी से उभरते निवेश केंद्रों में शामिल है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया कई चुनौतियों से गुजर रही है। सप्लाई चेन में बाधाएं, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता जैसे मुद्दों के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने दोनों देशों को स्वाभाविक और भरोसेमंद साझेदार बताते हुए सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व राज्यसभा सदस्य भाजपा में शामिल



### सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक ने थामा भाजपा का दामन

**कोलकाता।** प. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन पूर्व राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। सॉल्टलेक स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की उपस्थिति में तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तीनों नेता पूर्व में तृणमूल कांग्रेस की ओर से राज्यसभा के सदस्य रहे थे। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया था। इसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा चल रही थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व व प. बंगाल के विकास में विश्वास व्यक्त करते हुए तीनों नेताओं ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा अब सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक की पहचान केवल भाजपा कार्यकर्ता के रूप में होगी। जिन लोगों ने जनता के साथ लूट-भ्रष्टाचार किया, उनके लिए भाजपा के द्वार बंद हैं। वहीं तृणमूल में हाल के दिनों में सामने आए आंतरिक मतभेदों के बीच इन नेताओं का भाजपा में शामिल होना राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**सौगत रॉय बोले- टीएमसी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा**

ञस्ष्ट सांसद सौगत रॉय- तीनों नेता पहले से ही बीजेपी के साथ थे। अब अपनी सीट बचाने के लिए बीजेपी ने उन्हें मौका दिया है। इससे टीएमसी को कोई नुकसान नहीं होगा। बीजेपी को भी इससे कोई खास फायदा नहीं मिलेगा, क्योंकि दल बदलने वाले नेताओं की ज्यादा अहमियत नहीं होती।

## आंध्रप्रदेश में कोरोना से 46 साल के मरीज की मौत

अमरावती

आंध्र प्रदेश के कडप्पा में बुधवार को 46 साल के व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। उसे पिछले महीने वेल्लोर के ष्टरूष्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया था। 4 दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि मरीज के फेफड़े खराब हो गए थे। मरीज को कंटेनमेंट जोन में रखा गया था। उसके संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग भी की जा रही है। इलाके में सैनिटाइजेशन भी शुरू कर दिया गया है।

# राममंदिर चढ़ावा चोरी-आरोपियों के घर 10 लाख के जेवर मिले

### रिश्तेदारों के 30 बैंक अकाउंट फ्रीज, बांटी, शेयर मार्केट में लगाई

अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी अनुकल्प मिश्रा, उसके जीजा लवकुश और करुणेश पांडेय से सोने के जेवर (कान की बालियां, लॉकेट) और 2 लाख कैश बरामद किया है। जेवर की कीमत करीब 10 लाख है। हालांकि, पुलिस ने अभी इसका खुलासा नहीं किया कि कितना कैश और सामान किसके घर से बरामद हुआ है?



पुलिस ने अनुकल्प की स्विफ्ट कार भी जब्त की है। अनुकल्प मिश्रा को पुलिस गुरुवार सुबह 9 बजे उसके घर लेकर गई थी। वहां करीब 20 मिनट तक तलाशी ली। घरवालों से भी पूछताछ की। इससे पहले, बुधवार को पुलिस लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय को भी उनके घरों पर लेकर गई थी। इनके भी घरों की तलाशी ली थी। पुलिस ने आरोपियों के रिश्तेदारों के 30 बैंक खाते फ्रीज किए हैं। इन खातों में आय की तुलना में अधिक लेन-देन मिलने की बात सामने आई है।

# मानसून ने पूरे देश को कवर किया, गाजियाबाद में सड़क धंसी

### उत्तराखंड के उत्तरकाशी-टिहरी में लैंडस्लाइड

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना

मानसून ने गुरुवार को पूरे देश को कवर कर लिया है। आमतौर पर यह 8 जुलाई को देश का पूरा हिस्सा कवर कर लेता है, लेकिन इस बार एक दिन लेट है। मानसून के कारण सभी राज्यों में बारिश का दौर जारी है। यूपी में गुरुवार सुबह से नोएडा, मथुरा, मेरठ, बुलंदशहर समेत 50 शहरों में तेज बारिश हो रही है। नोएडा में सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। वहीं, गाजियाबाद में 10 फीट सड़क धंस गई। इसमें कार और बाइक समा गई।



उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, टिहरी में बुधवार को NH-707A पर दुकानों के पास लैंडस्लाइड में एक मकान गिर गया। आसपास के दो से तीन मकान कभी भी गिर सकते हैं।

इधर, राजस्थान के अजमेर जिले के किशनगढ़ में बुधवार रात बारिश से एक मकान ढह गया। मलबे में से पति-पत्नी समेत लोगों का रेस्क्यू किया गया। वहीं, महाराष्ट्र के रायगढ़ में बारिश के बाद 3 हजार LPG सिलेंडर पातालगंगा नदी में बह गए।

### प्रदेश के 10 शहरों में हुई हल्की बारिश

गुरुवार को प्रदेश के 10 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि अजमेर जिले के केकड़ी में सर्वाधिक 50 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 10 और 11 जुलाई के बाद अगले एक सप्ताह तक राज्य में मानसूनी गतिविधियां कमजोर रहने की संभावना जताई है।

मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि गुरुवार को पश्चिमी राजस्थान के शेष भागों में भी मानसून आगे बढ़ गया और पूरे राज्य को कवर कर लिया।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सुरक्षा में चूक

## एमपी में एक्सप्रेस-वे पर गुजरते काफिले के सामने आए 3 युवक

रतलाम

रतलाम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सुरक्षा में गुरुवार दोपहर चूक का मामला सामने आया है। 8 लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गडकरी के काफिले के सामने अचानक तीन युवक आ गए। घटना रतलाम जिले के शिवगढ़ ब्रिज के पास की है।

केंद्रीय मंत्री के काफिले में शामिल वाहन इन ग्रामीणों के बगल से गुजरते हुए दूसरी लेन से निकल गए। इन गाड़ियों की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। दिख रहा है कि हाईवे के बीच में खड़े तीन युवक गाड़ियों को रुकने का इशारा कर रहे हैं। गडकरी बुधवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करने राजस्थान पहुंचे थे। उन्होंने बूंदी से कोटा तक करीब 90ज्यरू की दूरी में एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। इसके बाद वे गुजरात जा रहे हैं। इसी दौरान गुरुवार को रतलाम से भी गुजरे थे।

# ईरान बोला- होर्मुज में दखल दिया तो करारा जवाब देंगे

### अमेरिका ने चीन-रूस से जुड़े पुल पर मिसाइल दागी, 2 दिन में 170 ठिकानों पर हमला

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (ढ्क्रत्नष्ट) ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में दखल दिया तो करारा जवाब दिया जाएगा। ईरानी न्यूज एजेंसी ढ्क्रह्व के मुताबिक, ढ्क्रत्नष्ट ने कहा कि अमेरिका ने हमला जारी रखा तो होर्मुज सामान्य नहीं हो पाएगा और कई देशों को आर्थिक नुकसान होगा। दूसरी ओर, ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि अमेरिका ने उत्तरी ईरान में चीन और रूस से जुड़े एक रणनीतिक रेलवे पुल पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। अमेरिका ने पिछले 2 दिनों में ईरान के 170 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने न्यूज एजेंसी अल जजीरा से पुष्टि की है कि वह इस समय ईरान पर कोई हमले नहीं कर रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने पिछले कुछ घंटों में ईरान के भीतर किसी भी तरह के हवाई हमले नहीं किए हैं।



रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका-ईरान युद्ध को निष्पक्ष तरीके से खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी समझौता ऐसा होना चाहिए जिसमें सिर्फ लड़ने वाले देशों का ही नहीं, बल्कि सभी पक्षों का हित शामिल हो।

# चीन में जूता फैक्टरी में लगी भीषण आग, 28 की मौत



बीजिंग

चीन के जिनजियांग शहर में गुरुवार को एक जूता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई। घटना के वीडियो में देखा गया कि आग ने पूरे कारखाने और उसके आसपास की इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। यह शहर पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत के क्वांझोउ में स्थित है। मंत्रालय के अनुसार, आग दोपहर करीब 12 बजे कारखाने में लगी थी।

## राजस्व संग्रहण प्रदेश की उन्नति एवं जनकल्याण का आधार

# राजस्थान में पहली तिमाही में राजस्व संग्रह में 11.54 प्रतिशत की वृद्धि

### राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की बैठक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्व संग्रहण प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण का आधार है। राजस्व की चोरी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्व अर्जन से जुड़े सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय वर्ष की पहली से अंतिम तिमाही तक राजस्व संग्रहण में समान गति बनाए रखें।

मुख्यमंत्री गुरुवार को राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व चोरी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, जिसका असर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर संग्रहण प्रणाली में सुधार के उद्देश्य से तकनीकों एवं नवाचारों के साथ अधिकारी डिकॉय ऑपरेशन्स कर टैक्स चोरी पर अंकुश लगाएं। साथ ही, अन्य राज्यों की कर प्रणालियों का अवलोकन कर प्रदेश में बेस्ट प्रेक्टिसेज लागू करें।



उन्होंने कहा कि कर प्रणाली में नवीन तकनीकों का समावेश करें, जिससे राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति सरल और सुगम हो। उन्होंने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों की प्रभावी पैरवी के भी निर्देश दिए। उन्होंने जीएसटी के संबंध में रिटर्न फाइलिंग कम्पाइलेंस को सख्ती से लागू करने के लिए निर्देशित किया।

### सभी विभाग टीम भावना से करें कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े आठ करोड़ प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए विकसित एवं समृद्ध राजस्थान के निर्माण की सोच हमारी कार्य-संस्कृति का आधार बने। इसके लिए प्रत्येक विभाग टीम भावना के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने आबकारी विभाग को अवैध शराब पर ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के परिवहन में जब्त वाहनों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग को पंजीयन प्रक्रिया में जियो टैगिंग का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पंजीयन से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोकथाम लगाई जाए। इसके लिए खान एवं पेट्रोलियम विभाग ई-रवन्ना प्रक्रिया में जीपीएस एवं सीसीटीवी आधारित तकनीक को प्रभावी रूप से लागू करें, ताकि अवैध खनन पर पूरी निगरानी रखी जा सके।

### परिवहन विभाग बरते सख्ती, अवैध वाहनों पर कसे शिकंजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग सख्ती के साथ कार्य करें तथा अवैध वाहनों पर कड़ा शिकंजा कसें। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए तथा विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने वाहन बॉडी निर्माण करने वाले अपंजीकृत संस्थानों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# बेटे का जन्मदिन मनाने जा रहे पति-पत्नी को ट्रक ने कुचला

### ऊपर से निकल गया टायर, कोटा में इंतजार कर रहा था परिवार, मौत की खबर आई

बूंदी

बेटे का जन्मदिन मनाने बूंदी से कोटा जा रहे बाइक सवार रिटायर्ड टीचर और उनकी पत्नी को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। ट्रक का टायर कमर और सिर के ऊपर से निकलने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

दोनों बेटे और उनका परिवार माता-पिता का इंतजार कर रहे थे। घर में उनके स्वागत और जन्मदिन की तैयारियां चल रही थी, लेकिन हादसे की खबर पहुंचते ही मातम छा गया।



दंपती के गांव में भी शौक की लहर छा गई। उधर, हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस आसपास के इलाके में लगे CCTV कैमरे खंगाल रही है। हादसा बूंदी जिले के केशवरायपाटन थाना इलाके में कोटा-लालसोट मेगा हाईवे पर गुडला टोल नाके के पास हुआ।

ASI हरिशंकर शर्मा ने बताया- कापरेन निवासी रिटायर्ड टीचर केदार लाल शर्मा (65) अपनी पत्नी गीता शर्मा (55) के साथ गुरुवार को बाइक पर कोटा जा रहे थे।

## बारुईपुर में बच्ची से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी प्रभाव मुठभेड़ में ढेर

कोलकाता (एजेंसी)। बंगाल के बारुईपुर दुष्कर्म और हत्या मामले के आरोपी प्रभास मंडल पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। बंगाल पुलिस ने सोमवार आरोपी को गिरफ्तार किया था। बारुईपुर एसपी के मुताबिक आरोपी प्रभास मंडल की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। क्राइम सीन को फिर से बनाने में, उसने पुलिस से हथियार छीनने और उन पर गोली चलाने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई, जो प्रभास को लगी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बारुईपुर में लड़की के दुष्कर्म और हत्या के बाद सरकार और पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। 11 साल की नाबालिग की हत्या मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने घटना की हैवानियत की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक पीड़िता के शरीर पर गंभीर चोट, यौन उत्पीड़न और शारीरिक यातनाओं के स्पष्ट संकेत मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक पीड़िता के सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया। इसके बाद उसे बोरी में भरकर तालाब में फेंक दिया। रिपोर्ट में उल्लेख है कि तालाब में फेंके जाने के समय वह जीवित थी। सिर पर गहरे घाव, शरीर पर खरोंच और काटने के निशान मिले हैं। गुप्तांगों पर भी गंभीर चोटों के निशान मिले। पानी शरीर के भीतर जाने से फेफड़ों और पेट में सूजन आ गई और डूबने से उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक घटना बारुईपुर थाना क्षेत्र के धपधपी-2 पंचायत के सूर्यपुर हाट की है। पीड़िता शनिवार शाम घर से खाने का सामान लेने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। रविवार सुबह घर के पास एक तालाब से उसका शव मिला। उसी रात सीसीटीवी फुटेज में चार लोग नाबालिग को अपने साथ ले जाते दिखे। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

## स्कूल बस इंतजार कर रहे थे बच्चों को कार सीख रही महिला ने मारी टक्कर

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी के ग्रेटर नोएडा के पंचशील ग्रीन्स-2 सोसायटी के बाहर बुधवार सुबह कार चलाना सीख रही एक महिला की गाड़ी अनियंत्रित होकर स्कूल बस का इंतजार कर रहे बच्चों पर चढ़ गई जिससे पांच बच्चे को मामूली चोटें आईं हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। घटना उस वक्त हुई जब सोसायटी में रहने वाले कुछ बच्चे स्कूल बस का इंतजार कर रहे थे तभी एक महिला कार लेकर वहां से गुजरी। पुलिस के मुताबिक महिला अभी कार चलाना सीख ही रही थी और उसे गाड़ी चलाने का ज्यादा अनुभव भी नहीं था। इसी दौरान उसका कार से नियंत्रण छूट गया और गाड़ी सीधे बच्चों से टकरा गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और कार्रवाई शुरू की। फिलहाल यह साफ नहीं हुआ है कि महिला के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की जाएगी या नहीं, लेकिन पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है ताकि पूरी घटना का सही कारण सामने आ सके।

## जमीन विवाद में युवक की चाकू से गोदकर हत्या, आरोपियों को तलाश रही पुलिस

आरा (एजेंसी)। भोजपुर जिले के बड़की खड़ाव गांव में बुधवार सुबह जमीन विवाद में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान बड़की खड़ाव गांव निवासी बीरेन्द्र कुमार सिंह (34) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि घर के बगल की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के मुताबिक आरोप है कि दूसरे पक्ष के व्यक्ति ने विक्रांत कुमार सिंह पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया। हमलावर ने उनके सिर और दाहिनी ओर सीने के पास चाकू मारा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।

## गर्भवती आईपीएस अधिकारियों के प्रशिक्षण पर रोक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक अहम कानूनी लड़ाई में, एक गर्भवती महिला आईपीएस अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान गर्भवती होने पर रोक लगाने वाले करीब तीन दशक पुराने सरकारी नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि इसतरह के फैसले पुराने नियमों के बजाय आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और व्यक्तिगत स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर होने चाहिए। मध्य प्रदेश कैडर की 2023 बैच की आईपीएस अधिकारी उर्वशी सेंगर ने याचिका दायर की है। सेंगर ने नवंबर 2023 में अपना फेज-1 प्रशिक्षण शुरू किया था। अप्रैल 2025 में फेज-2 के दौरान जब वे गर्भवती हुईं, तब उन्हें प्रशिक्षण बीच में ही छोड़ने और प्रसव के एक साल बाद अगली बैच के साथ दुबारा प्रशिक्षण लेने के लिए कहा गया। सितंबर 2025 में बच्चे के जन्म के बाद उन्होंने मेडिकल फिटनेस के आधार पर फेज-2 प्रशिक्षण में शामिल होने की अनुमति मांगी, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी ने 1993 के गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन (ओएम) का हवाला देकर उनकी मांग ठुकरा दी। यह ज्ञापन कहता है कि गर्भवती आईपीएस प्रोबेशनर को तुरंत प्रशिक्षण से रोक दिया जाएगा और वे प्रसव के एक साल बाद ही फिर प्रशिक्षण शुरू कर सकेंगी। आईपीएस महिला अधिकारी सेंगर ने पहले केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल (सीएटी) का रुख किया, जिसने उन्हें अंतरिम आदेश में आवश्यक मेडिकल औपचारिकताएं पूरी करने पर प्रशिक्षण जारी रखने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, पुलिस अकादमी ने आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिसने 22 जून को सीएटी के आदेश पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यह नियम महिला अधिकारी और उसके बच्चे दोनों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। दायर याचिका में कहा गया है कि 1993 का यह नियम बिना किसी भेदभाव के सभी गर्भवती अधिकारियों पर समान रूप से लागू होता है, जबकि फेज-2 प्रशिक्षण मुख्य रूप से कक्षा-आधारित और अकादमिक होता है, जो शारीरिक रूप से अत्यधिक कठिन नहीं होता। याचिका में उजागर किया गया है कि 2004 में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने आईएएस महिला अधिकारियों के लिए इसी तरह के नियम में संशोधन किया था, जिससे उन्हें मेडिकल फिटनेस के आधार पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति मिली थी।

# कांग्रेस ने भाजपा-संघ पर लगाया मिलीभगत का आरोप, ट्रस्ट भंग करने की मांग



अयोध्या (एजेंसी)। कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्य विपक्षी दल ने दावा किया कि ये संगठन असली दोषियों को बचाने के लिए पूरे प्रकरण पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि वर्तमान राम मंदिर ट्रस्ट को तुरंत भंग कर दिया जाए और नए ट्रस्ट में संघ परिवार या विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रतिनिधियों के बजाय हिंदू संतों और धार्मिक प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए, ताकि मंदिर की पारदर्शिता और आस्था की शुचिता बनी रहे।

यह राजनीतिक घमासान उस समय और तेज हो गया जब राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने एक हस्तलिखित संदेश में खुद पर लगे गबन के आरोपों को निराधार बताया और कहा कि वे विशेष जांच दल (एसआईटी) की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही जवाब देंगे। गौरतलब है कि इससे ठीक एक दिन पहले ट्रस्ट ने चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार किए थे। दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मांग की कि इस मामले की स्वतंत्र जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में हो और मंदिर के चढ़ावे का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ने की मांग करते हुए कहा कि चूंकि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री ने किया था, इसलिए इस मामले पर उनकी जिम्मेदारी बनती है। गहलोत ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल (2018-23) का जिक्र करते हुए एक और गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए राजस्थान के भरतपुर के बंसी पहाड़पुर से जो पत्थर लाया जा रहा था, वहाँ बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा था। उन्होंने चंपत राय से खुद कहा था कि पवित्र कार्य में अवैध पत्थरों का उपयोग न हो। बाद में राज्य सरकार की सिफारिश पर केंद्र के सहयोग से उस क्षेत्र को वन भूमि की श्रेणी से हटाया गया ताकि काम न रुके। गहलोत ने कहा कि इस पूरे प्रकरण से भाजपा और संघ परिवार का वास्तविक चाल, चरित्र और चेहरा जनता के सामने आ गया है और इन संगठनों ने मंदिर प्रशासन पर अनधिकृत कब्जा कर रखा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर भी गहलोत ने तीखा पलटवार किया, जिसमें योगी ने कहा था कि कांग्रेस को इस पर बोलने का अधिकार नहीं है। गहलोत ने कहा कि अगर ऐसा है, तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद नए ट्रस्ट का नेतृत्व क्यों नहीं करते और जनता का विश्वास बहाल क्यों नहीं करते? यह बयानबाजी दर्शाती है कि राम मंदिर से जुड़ा यह विवाद अब एक गंभीर राजनीतिक रूप ले चुका है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा, एक ही रनवे पर आमने-सामने आए एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार रात एक बड़ा विमान हादसा टल गया। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए, जिससे यात्रियों के बीच कुछ समय के लिए घबराहट और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) की सतर्कता और समय रहते उठाए गए कदमों से संभावित बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे की है। उस समय बागडोगरा से मुंबई पहुंचा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद अभी पूरी तरह रनवे से बाहर नहीं निकला था। इसी दौरान मुंबई से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट ढ्ढ816 को उसी रनवे से उड़ान भरनी थी। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान ने टेकऑफ की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लेकिन इसी बीच एयर ट्रैफिक कंट्रोल से तुरंत उड़ान रोकने का निर्देश मिला। निर्देश मिलते ही पायलट ने टेकऑफ रन को तत्काल रद्द कर दिया और विमान को सुरक्षित रूप से वापस पार्किंग बे में ले जाया गया। इस त्वरित कार्रवाई से एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई। एयरलाइन के अनुसार, टेकऑफ रन रद्द किए जाने के बाद विमान की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत आवश्यक तकनीकी जांच की जाएगी। इसके बाद ही विमान को दोबारा उड़ान के लिए मंजूरी दी जाएगी। साथ ही यात्रियों को उनके गंतव्य तक जल्द पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जा रही है। एयर इंडिया ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि एटीसी के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया गया और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। हालांकि, एयरलाइन ने घटना के तकनीकी कारणों या दोनों विमानों में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है।

## अमरनाथ यात्रा: रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु उमड़े, 6 जत्थे में 8 हजार से अधिक रवाना

जम्मू (एजेंसी)। पवित्र अमरनाथ यात्रा लगातार नए कीर्तिमान बना रही है। मंगलवार को यात्रा के छठे जत्थे में अब तक की सबसे बड़ी संख्या में 8,815 श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कश्मीर के लिए रवाना हुए। इन श्रद्धालुओं को बालटाल और पहलगाम के आधार शिविरों तक पहुंचाने के लिए कुल 363 वाहनों का एक विशाल काफिला तैनात हुआ। जिला प्रशासन अधिकारियों ने बताया कि यात्रा के पहले चार दिनों में ही 86 हजार से अधिक श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं, जिससे इस वर्ष यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है।


6 जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं में 5,831 पुरुष, 2,193 महिलाएं, 30 बच्चे, 598 साधु, 131 साध्वियां, एक बाल साधु तथा 31 विदेशी पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे, जो यात्रा की व्यापक पहुंच को दिखाता है। बालटाल मार्ग के लिए 3,989 श्रद्धालु सुबह 3.35 बजे 181 वाहनों में रवाना हुए, जबकि पारंपरिक पहलगाम मार्ग के लिए 4,826 श्रद्धालु सुबह 4.08 बजे 182 वाहनों के काफिले के साथ निकले। इस काफिले में 172 बसें, 58 मीडियम मोटर व्हीकल, 130 लाइट मोटर व्हीकल और तीन दोपहिया वाहन शामिल थे।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पूरे मार्ग पर सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती के साथ-साथ चिकित्सा सुविधाएं, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक सेवाओं की मुस्तैद व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े।

गौरतलब है कि 57 दिनों तक चलने वाली श्री अमरनाथ जी यात्रा का शुभारंभ 3 जुलाई को हुआ था और इसका समापन 28 अगस्त को होगा। दक्षिण कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से लगभग 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक रूप से बनने वाले हिम शिवलिंग के दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु हर वर्ष पहुंचते हैं। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या इस यात्रा की लोकप्रियता और धार्मिक आस्था की गहराई का स्पष्ट प्रमाण है। श्रद्धालुओं में बढ़ता जोश व उत्साह इतना है कि रिकॉर्ड संख्या में लोग बिना पंजीकरण के भी पहुंच रहे हैं और मौके पर ही तत्काल पंजीकरण करा रहे हैं।

# भारी बारिश में मुंबई का हाल बेहाल, सड़कों पर भरा पानी, रेल यातायात भी ठप

**-जलभराव के चलते रिहायशी इलाके में आया 6 फीट मगरमच्छ, रेस्क्यू कर पकड़ा**





मुंबई (एजेंसी)। मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन बुरा असर पड़ा है। पानी भरने से जहां एक तरफ रेल यातायात ठप है, वहीं दूसरी तरफ जलभराव के कारण जंगली जानवर भी रिहायशी इलाकों में घुस आए हैं। ऐसा ही घटना पवई के चांद शाह वली दरगाह के पास देखने को मिली। जहां खड़ी गाड़ियों के नीचे एक 6 फीट लंबा मगरमच्छ देखा गया। भारी बारिश के कारण मगरमच्छ रास्ता भटक कर झील से बाहर आ गया था।

सूचना मिलते ही वन विभाग और वन्यजीव संस्थाओं की टीम ने मिलकर सुरक्षित रूप से मगरमच्छ का रेस्क्यू किया। डॉक्टर द्वारा जांच किए जाने के बाद इसे वापस इसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा। इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पर्यावरणविदों का कहना है कि झीलों के आस-पास बढ़ते निर्माण कार्यों की वजह से मगरमच्छों के रहने की जगह कम हो रही है, जिससे वे इंसानी बस्तियों की तरफ आ रहे हैं।

बता दें मुंबई में भारी बारिश का सबसे ज्यादा असर वेस्टर्न रेलवे पर पड़ा है। नवसारी-मारोली सेक्शन में पटरियों पर पानी भर जाने के कारण रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बुधवार को चलने वाली कई प्रमुख ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं, जिनमें अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस, अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस, अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस कर्णावती एक्सप्रेस, अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल एसी डबल डेकर एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके अलावा कई ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे घर से निकलने से पहले हेल्पलाइन नंबर 139 या ऐप के जरिए अपनी ट्रेन का स्टेटस जरूर चेक कर लें। मौसम विभाग ने बुधवार को मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। विभाग की माने तो निचले इलाकों में बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन सकती है। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग के मुताबिक 9 जुलाई से बारिश की रफ्तार थोड़ी कम होगी और 12 जुलाई से हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

बता दें एक तरफ जहां मुंबई और पश्चिमी महाराष्ट्र में भारी बारिश हो रही है, वहीं राज्य के कुछ हिस्सों जैसे धुले, नंदुरबार, सोलापूर और मराठवाड़ा में अब तक औसत से कम बारिश हुई है। मुख्यमंत्री कार्यालय और कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम को देखकर ही खेती की तैयारी करें और जहां कम बारिश हुई है, वहां जमीन में अच्छी नमी होने से पहले बुवाई की जल्दबाजी न करें।

# महिलाओं को दिल्ली सरकार देगी तोहफा! हर महीने मिलेंगे 2500 रुपए

**-महिला समृद्धि योजना का शुभारंभ 28 अगस्त को कर सकते हैं पीएम मोदी**



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए बहुप्रतीक्षित महिला समृद्धि योजना का औपचारिक शुभारंभ 28 अगस्त को किया जा सकता है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए सीधे उनके बैंक खाते में भेजे जाएंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी योजना की शुरुआत कर सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी होना बाकी है।

दिल्ली सरकार ने इस योजना के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल तैयार है और पात्रता के मानदंड भी तय कर दिए गए हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में इस योजना के लिए 5110 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अनुमान है कि दिल्ली की 20 से 22 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। सीएम रेखा गुप्ता पहले कह चुकी हैं कि सरकार योजना को पूरी तैयारी के साथ लागू करना चाहती है, ताकि सभी पात्र महिलाओं तक इसका लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे और भविष्य में भी योजना सुचारु रूप से चलती रहे।

महिला समृद्धि योजना का लाभ केवल दिल्ली की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मिलेगा। इसके लिए तय प्रमुख पात्रताएं इस प्रकार हैं। आवेदक महिला की आयु 21 से 60 साल के बीच हो। परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख से 3 लाख तक हो। दिल्ली की स्थायी निवासी होना जरुरत है। राशन कार्ड धारक महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार ने कुछ श्रेणियों की महिलाओं को योजना से बाहर रखा है। इनमें सरकारी नौकरी करने वाली महिलाएं, आयकर भरने वाली महिलाएं, सरकारी पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाएं और चार पहिया वाहन की मालिक महिलाएं शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक योजना के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा। आवेदन के समय महिलाओं को जो जानकारी देनी होगी उसमें आधार नंबर, नाम और जन्म तिथि, लिंग पिता या माता का नाम, वैवाहिक स्थिति, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, दिल्ली में निवास की अवधि आधार से लिंक बैंक खाता। महिला समृद्धि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को नियमित वित्तीय सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## मुस्लिम आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची विजय सरकार, हाईकोर्ट के फैसले को दी चुनौती



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस्लाम धर्म अपनाने वालों को आरक्षित वर्ग के तहत प्राप्त आरक्षण के लाभ को खत्म करने के मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। मद्रास हाईकोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा था कि इस्लाम धर्म अपना लेने वाला व्यक्ति पिछड़े वर्ग के तहत मिलने वाले आरक्षण के लाभ का हकदार नहीं है। मद्रास हाईकोर्ट ने इसको लेकर तमिलनाडु सरकार के 2024 के आदेश को ही असंवैधानिक घोषित कर दिया था। गो-हत्या पर रोक हटाने की मांग के बाद तमिलनाडु सरकार ने मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भी सुप्रीम कोर्ट का रुख करने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में तमिलनाडु सरकार ने पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अधिसूचित समुदाय या अनुसूचित जाति से इस्लाम धर्म अपनाने वाले लोगों को पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम) मानने का आदेश जारी किया था। यही नहीं, तत्कालीन स्टालिन सरकार ने कम्युनिटी सर्टिफिकेट भी जारी करना शुरू कर दिया था, जिन मुस्लिम जातियों को यह आरक्षण दिया जा रहा था उनमें- अंसार, दक्कनी मुस्लिम, दुबेकुला, लब्बाइस, रोवथर, मराकायार, मपिल्ला, शेख और सैयद शामिल हैं।

मद्रास हाईकोर्ट में जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस पीबी बालाजी की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि सरकारी आदेश उन न्यायिक निर्णयों के पूरी तरह से खिलाफ हैं, जो हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं। इन न्यायिक फैसलों के मुताबिक धर्म बदलकर इस्लाम अपनाने वाले व्यक्ति को सिर्फ मुसलमान ही माना जा सकता है। तमिलनाडु सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट के इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने इस मामले में 6 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन दायर किया है।

# तीन देशों के दौरे में पीएम मोदी ब्रह्मोस, रेयर अर्थ मैटेरियल और समुद्री सीमा पर कर रहे चर्चा

**-इंडोनेशिया को ब्रह्मोस और अस्त्र देगा भारत, चीन की बढ़ती दादागिरी पर लगेगा ब्रेक**



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी का इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे में जिन समझौतों और साझेदारियों पर चर्चा हो रही है, उनका असर सीधे तौर पर चीन की रणनीतिक क्षमता पर पड़ सकता है। पीएम मोदी की ये यात्राएं दक्षिण चीन सागर में शक्ति के संतुलन पर असल डालने वाली हैं। भारत ने इंडोनेशिया को ब्रह्मोस और अस्त्र देकर चीन की दादागिरी पर एक ब्रेक सा लगा दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ सालों में चीन ने इंडो पैसिफिक और दक्षिण चीन सागर के कई देशों पर धौंस जमाने की कोशिश की। एक ऐसी रणनीति पर काम किया, जिससे वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों पर सीधा दबाव बढ़ा और तो और चीन ने दक्षिण चीन सागर के साथ भारत की घेराबंदी के लिए इंडिया के पड़ोसी देशों को साधने की कोशिश की। अब भारत के सहयोग से इंडोनेशिया ने तय किया है कि वह अपनी सीमाओं की निगरानी और सुरक्षा मजबूत करेगा और इसीलिए उसने ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का फैसला किया है। इससे अब इंडोनेशिया की समुद्री निगरानी क्षमता बढ़ेगी।

ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से दुश्मन के जहाजों, समुद्री ठिकानों और जमीन पर मौजूद सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए किया जाता है। इंडोनेशिया की बढ़ती ताकत को देख चीन का परेशान होना लाजिमी है। ब्रह्मोस डील के अलावा भारत और इंडोनेशिया के बीच सबांग पोर्ट को लेकर बढ़ता सहयोग सबसे ज्यादा चर्चा में है। सबांग बंदरगाह मलक्का जलडमरूमध्य के मुहाने पर स्थित है, जहां से दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। चीन का करीब 80 फीसदी ऊर्जा आयात इसी रास्ते से होकर आता है। ऐसे में भारत की बढ़ती मौजूदगी चीन का टेंशन और बढ़ा सकती है। इंडोनेशिया के बाद पीएम मोदी 8 जुलाई को मेलबर्न पहुंच रहे हैं, जहां उनका ऑस्ट्रेलिया दौरा 8-10 जुलाई तक चलेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया पिछले कुछ सालों में रणनीतिक साझेदार के रूप में तेजी से करीब आए हैं। दोनों देश क्वाड समूह का हिस्सा हैं और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त एवं खुले समुद्री मार्गों की वकालत करते हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा में महत्वपूर्ण खनिजों, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और रक्षा सहयोग पर चर्चा केंद्र में है। चीन लंबे समय से दुर्लभ खनिजों और इसके वैश्विक सप्लाई चेन पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस बार रेयर अर्थ और क्रिटिकल मिनरल्स सहयोग पीएम मोदी की यात्रा का सबसे अहम एजेंडा माना जा रहा है। दोनों देश ऐसे समझौतों पर काम कर रहे हैं, जिनसे भारत की चीन पर निर्भरता कम हो और इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर और रक्षा उद्योग के लिए जरूरी खनिजों की सुरक्षित सप्लाई सुनिश्चित हो सके।

ऑस्ट्रेलिया के बाद पीएम मोदी न्यूजीलैंड जाएंगे। न्यूजीलैंड भले ही सैन्य दृष्टि से बड़ा खिलाड़ी न हो, लेकिन अपने लोकेशन की वजह से हिंद-प्रशांत की राजनीति में उसका महत्व बढ़ रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार, कृषि, शिक्षा और डिजिटल सहयोग पर जोर दिया जा रहा है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर भी चर्चा तेज हुई है, लेकिन इसे अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। चीन लंबे समय से न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, लेकिन वेलिंगटन अब अपने आर्थिक विकल्पों को विविध बनाने की कोशिश कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा है कि अपनी न्यूजीलैंड यात्रा में वे आर्थिक, व्यापारिक और कमर्शियल संबंधों को और कैसे बेहतर बनाया जाए इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

# शहर भर के नालों की सफाई का 1 साल का ठेका खत्म, भुगतान उठा

**आरटीआई में जानकारी नहीं, सब-कॉन्ट्रैक्ट की आशंका, 'करोड़ों का ठेका, सफाई निगम से: सब-कॉन्ट्रैक्ट और अनियमितता की जताई आशंका, मांगी उच्च स्तरीय जांच**

स्मार्ट हलचल| पुर/भीलवाड़ा




नगर निगम भीलवाड़ा में नालों की सफाई को लेकर अनियमितता की आशंका जताई गई है। शहर के सभी वार्डों की नालों की सफाई का 1 वर्षीय ठेका एक ही ठेकेदार को दिया गया था। ठेका मार्च-अप्रैल 2026 में समाप्त हो चुका है और सूत्रों के अनुसार उसका भुगतान भी उठाया जा चुका है। लेकिन धरातल पर सफाई का काम निगम कर्मचारियों और निगम की जेसीबी से करवाया गया। आरटीआई और प्रथम अपील के बाद भी निगम जवाब नहीं दे रहा।

### क्या है पूरा मामला?

पुर सहित शहर के सभी वार्डों में नालों और नालियों में कीचड़ भर जाने से कीटाणु पैदा हो रहे थे और आमजन में गंभीर बीमारियों का डर था। बार-बार अधिकारियों और ठेकेदार को कहने पर भी सफाई नहीं हुई। इस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री रतनलाल आचार्य ने मीडिया में आवाज उठाई। खबर का असर यह हुआ कि नगर परिषद स्वास्थ्य निरीक्षक के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों और निगम की जेसीबी से नालों की सफाई करवाई गई।

### सब-कॉन्ट्रैक्ट की आशंका, जांच की मांग

स्थानीय लोगों और सफाई कर्मचारियों में चर्चा है कि शहर के सभी वार्डों की नालों की सफाई का ठेका एक ही ठेकेदार को मिला था, लेकिन धरातल पर काम किसी अन्य के माध्यम से करवाया जा रहा था। इसको लेकर सब-कॉन्ट्रैक्ट की आशंका जताई जा रही है। रतनलाल आचार्य ने कहा कि 'अगर सब-कॉन्ट्रैक्ट हुआ है तो यह नियमों का उल्लंघन है। ठेका समाप्त होने के बाद भी भुगतान कैसे हुआ और काम किसने किया, इसकी पारदर्शिता जरूरी है।'

### आरटीआई में भी चुप्पी

इसी अनियमितता का खुलासा करने के लिए रतनलाल आचार्य ने 10 अप्रैल 2026 को आरटीआई लगाकर पूछा कि ठेका किसे दिया, कितना भुगतान हुआ, सफाई के फोटो-वीडियो कहां हैं। 30 दिन में जवाब नहीं मिलने पर 10 जून 2026 को प्रथम अपील भी लगाई। लेकिन 2 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लोक सूचना अधिकारी ने कोई जानकारी नहीं दी।

### आगे की मांग

रतनलाल आचार्य ने कहा कि 'जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग नहीं होने देंगे। 7 दिन में सूचना नहीं मिलने पर मैं राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील करूंगा। साथ ही संगठन द्वारा जिलाधीश भीलवाड़ा को पत्र लिखकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ठेका किस शर्त पर दिया गया, काम किसने किया और भुगतान किस आधार पर हुआ।' उन्होंने आमजन की समस्या उठाने के लिए सभी मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

# दो भाइयों पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने चाकू से किया हमला

**30 हजार भी लूटे, घायलों का अस्पताल में इलाज जारी**

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत



भीलवाड़ा । शहर के व्यस्ततम अजमेर चौराहे पर बुधवार देर रात बदमाशों के हौसले बुलंद देखने को मिले। यहां बस का इंतजार कर रहे दो सगे भाइयों पर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने अचानक चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात के दौरान बदमाश पीड़ितों से 30 हजार रुपये की नकदी भी लूटकर फरार हो गए। इस जानलेवा हमले और लूट की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल पूसा लाल पिता जेठू राम माली उम्र 34 वर्ष ने बताया कि बुधवार देर रात में ओर मेरा बड़ा भाई चंपा लाल गांव जाने के लिए अजमेर चौराहे पर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर तीन लड़के आए और हमारे से माचिस मांगी, तो मैंने उन्हें माचिस के लिए मना कर दिया फिर अचानक से उन तीनों ने हम दोनों भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। और हमलावर मेरे बड़े भाई की जेब में रखे 30 हजार रुपए भी निकाल कर ले गए। हम लोग हमलावरों को नहीं जानते हैं और नहीं उनसे हमारा कोई वाद विवाद है। फिलहाल दोनों घायलों का जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में इलाज जारी है।

# जौ की बोरियों के नीचे छिपा था 3.7 टन डोडा चूरा, पुलिस ने 5 करोड़ की खेप के साथ दो तस्करों को दबोचा



स्मार्ट हलचल| कोटपूतली-बहरोड़

राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3.7 टन अवैध डोडा चूरा से भरे एक ट्रेलर को जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने बताया कि प्रागपुरा थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध ट्रेलर खड़ा होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच के दौरान ट्रेलर में ऊपर की ओर जौ की बोरियां लदी हुई थीं। जब पुलिस ने गहराई से तलाशी ली तो बोरियों के नीचे बड़ी मात्रा में अवैध डोडा चूरा छिपाकर रखा हुआ मिला।

### 181 कट्टों में भरा मिला अवैध मादक पदार्थ

तलाशी के दौरान ट्रेलर से कुल 181 कट्टों में भरा करीब 3.7 टन डोडा चूरा बरामद किया गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त करते हुए मौके से पंजाब के फाजिल्का जिले के निवासी निर्मल सिंह (47) तथा सुखवेंद्र सिंह (26) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### तस्करी नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मादक पदार्थ की यह बड़ी खेप कहां से लाई गई थी और इसकी डिलीवरी किस स्थान पर की जानी थी। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों और पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि इस तस्करी के पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय हो सकता है।

### कई और खुलासों की उम्मीद

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत मिली गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों का मानना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान तस्करी के बड़े नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच जारी है तथा जांच में सामने आने वाले प्रत्येक आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ब्यावर में खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा एक्शन; भ्रामक लेबलिंग के कारण 11,520 एनर्जी ड्रिंक कैन सीज

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत ब्यावर जिले में सघन जांच अभियान जारी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर व जिला कलेक्टर कमल राम मीणा के विशेष निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा दल ने आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

खाद्य सुरक्षा दल द्वारा ब्यावर स्थित श्री श्याम ट्रेडिंग कंपनी पर औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान वहां मौजूद 'कैम्पा एनर्जी ड्रिंक' में स्वस्थ्द्ध नियमों के विरुद्ध भ्रामक लेबलिंग पाई गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 11,520 कैन एनर्जी ड्रिंक को मौके पर ही सीज कर दिया और उनकी बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया। साथ ही व्यापारी को भविष्य में ऐसी अनियमितता न दोहराने के लिए कड़ाई से पाबंद किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि मौके से ड्रिंक के नमूने (सैंपल) लेकर जांच के लिए अजमेर लैब भिजवा दिए गए हैं, जिसकी रिपोर्ट आने पर आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इन एनर्जी ड्रिंक्स पर कैफीन की मात्रा को लेकर अस्पष्ट और भ्रामक जानकारियां छपी होती हैं, जो स्वस्थ्द्ध के मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इनमें कैफीन की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुँचा सकती है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जागरूक रहें। कोई भी खाद्य सामग्री खरीदने से पहले उसकी पैकिंग की तारीख, एक्सपायरी और निर्माता का पूरा विवरण जरूर देखें। यदि किसी उत्पाद पर भ्रामक जानकारी मिले, तो तुरंत विभाग को सूचित करें।

# 5.70 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ राख में तब्दील

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भीलवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य के अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया। जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति ने रिजर्व पुलिस लाइन में एनडीपीएस एक्ट के 20 प्रकरणों में जब्त 3779 किलो 486 ग्राम डोडा चूरा, 3 किलो 500 ग्राम गांजा और 11 ग्राम स्मैक को विधिवत नष्ट कर दिया।

कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन के निर्देशन तथा महिला सेल उप अधीक्षक शिल्पा भादविया के सुपरविजन में संपन्न हुई।

पुलिस के अनुसार नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 5 करोड़ 70 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है। इसमें 5 करोड़ 66 लाख 85 हजार रुपये का डोडा चूरा, 1 लाख 75 हजार रुपये का गांजा और 2 लाख 20 हजार रुपये की स्मैक शामिल है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में यह कार्रवाई महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े तीन आरोपी गिरफ्तार, तीन विदेशी पिस्टल और 40 कारतूस बरामद

स्मार्ट हलचल| हनुमानगढ़



राजस्थान के हनुमानगढ़ में पुलिस ने महाराष्ट्र की पुणे पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन विदेशी पिस्टल, तीन मैगजीन तथा 40 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में आरोपियों का संबंध पुणे में एक उद्योगपति की फैक्ट्री पर हुई फायरिंग की घटना से सामने आया है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद विश्नोई के निर्देशन में की गई। संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुख्य आरोपी पवन भाट (24) निवासी आईटीआई बस्ती, हनुमानगढ़ जंक्शन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसके सहयोगी रवि सुथार को भी हिरासत में लिया। मामले में सहयोग करने के आरोप में एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों पर पुणे स्थित कारोबारी अमूल चमड़िया और सन्नी चमड़िया की फैक्ट्री पर फायरिंग करने का आरोप है। पुलिस जांच के अनुसार यह वारदात कथित रूप से करोड़ों रुपये की रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से अंजाम दी गई थी। मामले की जांच पुणे पुलिस कर रही है और गिरफ्तार आरोपियों को आगे की पूछताछ के लिए अपने साथ पुणे ले गई है।

### सोशल मीडिया पोस्ट भी जांच के दायरे में

फायरिंग की घटना के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें वारदात की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया था। पोस्ट में कारोबारियों को धमकी देते हुए भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई थी। पुलिस इस पोस्ट की सत्यता, उसके स्रोत तथा उससे जुड़े व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

पूछताछ में मिले कई अहम सुराग

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। बरामद हथियारों के स्रोत, गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों तथा पूरे नेटवर्क की कड़ियों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी और जांच के आधार पर अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आ सकती है।

# कोटड़ी प्रेस क्लब की कार्यकारिणी गठित

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** कोटड़ी प्रेस क्लब का गुरुवार को नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया । गुरुवार को देव दर्शन यात्रा के तहत चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर पर पहुंचे, जहां बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें सर्व सहमति से भैरु चौधरी को फिर से अध्यक्ष बनाया गया । प्रेस क्लब कोटड़ी की स्थापना के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर आयोजित देव दर्शन यात्रा के दौरान प्रेस कल्ब के सदस्यों ने गुरुवार को मेवाड़ क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन करके शाम को इस बैठक का आयोजन किया , बैठक में अध्यक्ष भैरू चौधरी ने सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद पर नन्दलाल दरोगा व सत्यनारायण शर्मा को मनोनीत किया, महामंत्री पद पर रामप्रसाद आचार्य एव कोषाध्यक्ष पद पर कैलाश व्यास एव प्रेस क्लब के सचिव पद पर सावर वैष्णव को मनोनीत किया गया। प्रेस क्लब के प्रवक्ता एव विस्तारक पद पर महावीर वैष्णव को मनोनीत किया गया, बलराम वैष्णव को मिडिया प्रभारी पद मनोनीत किया गया । विक्रम सिंह सह मिडिया प्रभारी बनाया।

# रायपुर सीएचसी की जाँच लैब पर गंभीर सवाल, तत्काल कार्रवाई की मांग

स्मार्ट हलचल|रायपुर (भीलवाड़ा)

राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रायपुर की जाँच लैब में मरीजों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और मरीजों का आरोप है कि छोटी-छोटी जाँचों की रिपोर्ट, जो कुछ ही मिनटों में तैयार हो सकती है, उसके लिए भी मरीजों को अगले दिन आने के लिए कहा जाता है।

मरीजों का कहना है कि कई बार गर्भवती (डिलीवरी) महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को भी 1 दिन का इंतजार करना पड़ता है। आरोप है कि स्टाफ द्वारा अक्सर



'कल आना, रिपोर्ट कल मिलेगी' कहकर वापस भेज दिया जाता है, जिससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है लैब में 105 प्रकार की जांच होनी थी लेकिन अभी तक यह सारी जांच नहीं हो पा रही है जो पहले जांच हुआ करती थी वही हो रही है 105 जांच पूरी तरीके से अस्पताल में नहीं हो रही है सैंपल को पैक करके किसी और लैब में जांच के लिए भेज दिया जाता है और उसकी रिपोर्ट कल तक आती है जिससे मरीज का काफी नुकसान होता है और उनको कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है और लैब में बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है। परिसर में रखा फ्रिज बिजली कनेक्शन और पिन के अभाव में बंद पड़ा है,जिससे मरीजों को ठंडा पानी तक उपलब्ध नहीं हो पाता।लैब के बाहर मरीज के लिए पंखे की कोई व्यवस्थाएं नहीं है अभी तक 4 से 5 महीने हो चुके हैं लेकिन अभी तक कोई सुविधा नहीं की गई है।

मरीजों और स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में किसी कर्मचारी या अधिकारी की लापरवाही सामने आती है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और जाँच लैब की व्यवस्थाओं में तुरंत सुधार किया जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य मरीजों को समय पर इलाज और रिपोर्ट मिल सके।

# तार टूटने से मीटर जले, आगजनी की घटनाए

स्मार्ट हलचल| मंगरोप



हमीरगढ़ उपखंड क्षेत्र के खैराबाद गांव में जर्जर 11 केवी विद्युत लाइन को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण लंबे समय से जर्जर लाइन हादसों को न्योता दे रही है। कई बार तार टूटकर नीचे गिर चुके हैं, जिससे बिजली मीटर जलने और आगजनी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समय रहते स्थायी समाधान नहीं हुआ तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार हाल ही में विद्युत लाइन का तार टूटने से कई घरों के बिजली मीटर जल गए और आग लगने की घटनाओं में लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसके बावजूद विभाग ने स्थायी समाधान करने के बजाय केवल अस्थायी मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार अधिकारियों को मौखिक एवं अन्य माध्यमों से शिकायत करने के बावजूद जर्जर तारों को बदलने के बजाय उन्हें जोड़कर काम चलाया जा रहा है। इससे कुछ समय बाद फिर वही स्थिति बन जाती है और हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार के अधीन कार्यरत कुछ कर्मचारी गुणवत्तापूर्ण कार्य की मांग करने वाले लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं, जिससे कई ग्रामीण खुलकर शिकायत करने से भी कतराते हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि खुले और कमजोर तारों के कारण बच्चों, पशुओं और राहगीरों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। बरसात और तेज हवा के दौरान खतरा और अधिक बढ़ जाता है, लेकिन विभाग द्वारा पूरी लाइन बदलने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग से मांग की है कि खैराबाद की 11 केवी विद्युत लाइन का उच्च स्तरीय तकनीकी निरीक्षण कराया जाए तथा पूरी लाइन पर जर्जर एवं जोड़े गए पुराने तारों को हटाकर नए एवं मानक गुणवत्ता के तार लगाए जाएं। साथ ही जिन परिवारों के बिजली मीटर जले हैं या आगजनी से नुकसान हुआ है, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाए।

इसके अलावा ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदार की कथित लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना या जनहानि की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की होगी। फिलहाल गांव में भय और आक्रोश का माहौल है तथा ग्रामीण शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# हाईकोर्ट के आदेश से शिक्षा विभाग में प्रिंसिपल पदोन्नति प्रक्रिया की होगी समीक्षा, वरिष्ठता सूची दोबारा बनेगी

स्मार्ट हलचल| जयपुर




राजस्थान हाईकोर्ट के एक महत्वपूर्ण आदेश के बाद शिक्षा विभाग में वर्ष 2021-22 से अब तक हुई प्रिंसिपल पदोन्नतियों की समीक्षा का रास्ता खुल गया है। न्यायालय ने 1 अप्रैल 2021 की आधार तिथि के अनुसार वरिष्ठता सूची की समीक्षा (रिव्यू डीपीसी) करने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश के बाद वर्ष 2021-22 से लेकर वर्तमान तक की प्रिंसिपल पदोन्नतियों का पुनरीक्षण किया जाएगा। इसका प्रभाव भविष्य में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), संयुक्त निदेशक एवं उपनिदेशक स्तर की पदोन्नतियों पर भी पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार ने संशोधित सेवा नियमों के आधार पर व्याख्याताओं एवं हेडमास्टर्स की संयुक्त वरिष्ठता सूची तैयार की थी। इस सूची में प्रशासनिक अनुभव (वेटेज) को महत्व दिए जाने से कई हेडमास्टर्स वरिष्ठ व्याख्याताओं से ऊपर आ गए थे। इस व्यवस्था को चुनौती देते हुए कई व्याख्याताओं ने राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि पदोन्नति प्रक्रिया में वास्तविक वरिष्ठता एवं प्रचलित सेवा नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है। यदि वरिष्ठता निर्धारण में किसी प्रकार की त्रुटि हुई है तो उसकी समीक्षा कर पात्र कर्मचारियों को नियमों के अनुरूप लाभ दिया जाए।

### वर्ष 2021 से अब तक की पदोन्नतियां होंगी समीक्षा के दायरे में

अदालत के निर्देशानुसार सबसे पहले वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 की प्रिंसिपल डीपीसी की समीक्षा की जाएगी। चूंकि बाद के वर्षों की पदोन्नतियां इन्हीं वरिष्ठता सूचियों पर आधारित थीं, इसलिए वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 की पदोन्नति प्रक्रियाएं भी पुनरीक्षण के दायरे में आ सकती हैं। इससे शिक्षा विभाग को पूरी पदोन्नति श्रृंखला का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ सकता है।

### वरिष्ठ व्याख्याताओं को मिल सकता है लाभ

शिक्षा विभाग से जुड़े जानकारों का मानना है कि इस निर्णय से उन वरिष्ठ व्याख्याताओं को लाभ मिलने की संभावना है, जो संयुक्त वरिष्ठता सूची बनने के बाद पीछे चले गए थे। यदि समीक्षा के दौरान उनकी वरिष्ठता सही पाई जाती है तो उन्हें नियमानुसार प्रिंसिपल पद पर पदोन्नति का लाभ मिल सकता है। वहीं प्रशासनिक वेटेज के आधार पर आगे आए कुछ हेडमास्टर्स की वरिष्ठता एवं भविष्य की पदोन्नतियों पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है।

### वर्तमान प्रिंसिपलों की सेवा पर तत्काल असर नहीं

प्रशासनिक विशेषज्ञों के अनुसार रिव्यू डीपीसी होने के बावजूद वर्तमान में कार्यरत प्रिंसिपलों की सेवा, वेतन अथवा पद पर तत्काल कोई प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। ऐसे मामलों में सरकार सामान्यतः प्रशासनिक व्यवस्थाओं के माध्यम से कार्यरत अधिकारियों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। हालांकि संशोधित वरिष्ठता सूची लागू होने के बाद भविष्य की डीईओ, संयुक्त निदेशक एवं उपनिदेशक स्तर की पदोन्नतियों का क्रम बदल सकता है।

### विभाग के सामने बड़ी प्रशासनिक चुनौती

हाईकोर्ट के आदेश के बाद शिक्षा विभाग को सेवा नियमों एवं पात्रता के अनुरूप नई समीक्षा डीपीसी आयोजित करनी होगी। इससे लंबे समय से लंबित वरिष्ठता विवादों के समाधान की संभावना बढ़ी है, लेकिन साथ ही हजारों कर्मचारियों की वरिष्ठता एवं पदोन्नति क्रम का पुनर्निर्धारण विभाग के लिए एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती भी माना जा रहा है।

# 'ढखेरवा में 'अवैध अस्पतालों' का जाल? बिना मानकों के इलाज और डिलीवरी कराने के आरोपों से स्वास्थ्य विभाग कटघरे में'

**किराए के कमरों में संचालित क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथोलॉजी लैब पर उठे सवाल; स्थानीय लोगों ने निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की उठाई मांग**

स्मार्ट हलचल| ढखेरवा खीरी

लखीमपुर खीरी के ढखेरवा क्षेत्र में कथित रूप से बिना निर्धारित मानकों के संचालित निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, डायग्नोस्टिक सेंटरों और पैथोलॉजी लैब को लेकर क्षेत्र में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि धौरहरा रोड, पढ़ुआ क्षेत्र और आसपास के संपर्क मार्गों पर कई निजी स्वास्थ्य संस्थान किराए के कमरों और भवनों में संचालित हो रहे हैं, जहां आवश्यक चिकित्सकीय संसाधनों और योग्य विशेषज्ञों के अभाव में मरीजों का उपचार किए जाने तथा प्रसव (डिलीवरी) कराए जाने का दावा किया जाता है।



ग्रामीणों का आरोप है कि इन संस्थानों के बाहर बड़े-बड़े बोर्ड और होर्डिंग लगाकर आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों और अत्याधुनिक जांच व्यवस्था का प्रचार किया जाता है, लेकिन मौके पर न तो विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित रूप से उपलब्ध रहते हैं और न ही आवश्यक योग्यता वाले तकनीकी कर्मचारी। उनका कहना है कि यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं, तो मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा यह अत्यंत गंभीर मामला हो सकता है।

कुछ स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि कई डायग्नोस्टिक सेंटरों और पैथोलॉजी लैब में बिना योग्य रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट तथा डीएमएलटी/एमएलटी प्रशिक्षित तकनीशियनों के जांच कार्य कराया जा रहा है। उनका कहना है कि गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का उपचार प्रभावित हो सकता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न होने की आशंका रहती है।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि गरीब और ग्रामीण परिवार अपनी मेहनत की कमाई खर्च कर इलाज और जांच के लिए इन संस्थानों का सहारा लेते हैं। ऐसे में यदि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर मानकों की जांच और सत्यापन नहीं किया जाता, तो मरीजों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों ने यह भी मांग की है कि जिले में संचालित सभी निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, डायग्नोस्टिक सेंटरों और पैथोलॉजी लैब का विशेष अभियान चलाकर सत्यापन कराया जाए। जिन संस्थानों के पास आवश्यक पंजीकरण, लाइसेंस, योग्य चिकित्सक या निर्धारित संसाधन उपलब्ध न हों, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उधर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का पक्ष इस संबंध में सामने नहीं आ सका है। यदि विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त होती है तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। क्षेत्रवासियों का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे लोगों के जीवन से जुड़ा विषय है। ऐसे में पारदर्शी जांच और समयबद्ध कार्रवाई ही जनता का भरोसा कायम रख सकती है।

# पिता ने लगाई अपनी बेटी के बाल विवाह को रोकने की गुहार, थाने में दी शिकायत

स्मार्ट हलचल

**माण्डल।** थाना माण्डल क्षेत्र के ग्राम देबीपुरा, केरिया के युवक ने पुलिस थाना माण्डल में एक शिकायत प्रस्तुत कर अपनी 14 वर्षीय पुत्री के कथित बाल विवाह को रुकवाने की मांग की है।शिकायत में प्रार्थी ने बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री की जन्म तिथि 07 अप्रैल 2012 है तथा वह वर्तमान में नाबालिग है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि कुछ परिजन एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा उसकी पुत्री का कथित रूप से 4,50,000 रुपये लेकर 'कुंवारा नाता विवाह' कराने की तैयारी की जा रही है।प्रार्थी के अनुसार, यह विवाह आगामी 10-15 दिनों के भीतर ग्राम देबीपुरा, केरिया में कराने की योजना बनाई जा रही है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि एक धार्मिक कार्यक्रम की



आड़ में बाल विवाह कराए जाने की आशंका है।पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसने संबंधित व्यक्तियों को ऐसा करने से मना किया, लेकिन कथित रूप से विवाह कराने की बात पर जोर दिया गया। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि इस संबंध में उसके पास रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है।प्रार्थी ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी नाबालिग पुत्री का बाल विवाह तत्काल रुकवाया जाए तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनन कार्रवाई की जाए। उसने यह भी कहा कि बाल विवाह से उसकी पुत्री के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

प्रार्थी ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी नाबालिग पुत्री का बाल विवाह तत्काल रुकवाया जाए तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनन कार्रवाई की जाए। उसने यह भी कहा कि बाल विवाह से उसकी पुत्री के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शिकायत की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा, जिला कलेक्टर, तहसीलदार माण्डल, पटवारी केरिया तथा ग्राम विकास अधिकारी को भी भेजी गई है।बाल विवाह भारतीय कानून के तहत दंडनीय अपराध है। मामले में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# उधार के रुपये मांगने पर दो भाइयों ने युवक पर चढ़ाई बुलेट, फिर सरियों से किया ताबड़तोड़ जानलेवा हमला

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** उधार दिए गए रुपये वापस मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। शहर के पांसल चौराहे के पास कार की सर्विस कराने आए युवक पर बुलेट सवार दो भाइयों ने पहले बाइक से टक्कर मारकर उसे गिराया, फिर उसके ऊपर बुलेट चढ़ा दी और बाद में लोहे के सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घायल का उपचार कराया गया है।



घायल पप्पू लाल नायक पुत्र श्रवण नायक, निवासी खारी का लांबा ने बताया कि वह गुरुवार को पांसल चौराहे के समीप अपनी कार की सर्विस करवाने आया था। जैसे ही वह कार से नीचे उतरा, तभी दशरथ पुत्र कान्हा नायक और उसका भाई पृथ्वीराज, निवासी आसन (विजयनगर), बुलेट पर सवार होकर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने पहले उसे टक्कर मारकर गिराया, फिर बुलेट उसके ऊपर चढ़ा दी। इसके बाद दोनों ने लोहे के सरियों से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

पीड़ित ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उसने दशरथ को 3 लाख रुपये उधार दिए थे। वह लगातार रुपये वापस मांग रहा था, लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। इसी रंजिश के चलते दोनों भाइयों ने उस पर यह जानलेवा हमला किया। घायल ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# उप श्रम आयुक्त के प्रयासों से श्रमिकों की हुई जीत

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



भीलवाड़ा के टेक्सटाइल फैक्ट्री सिल्वर फैब के श्रमिकों के द्वारा पिछले काफी दिनों से काम से निकाल देने को लेकर श्रम विभाग में शिकायत विचारधीन थी श्रम अधिकारी शिवदयन सोलंकी एवं श्रम निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा महेंद्र चौहान, शिव प्रसाद के अथक प्रयासों से श्रमिकों एवं फैक्ट्री मालिक संपत चौरडिया के मध्य समझौता करवाकर सभी श्रमिको के समस्त हीत लाभो का भुगतान करवाया गया । इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधि भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू के राज्य सचिव ओमप्रकाश देवानी देवराज सिंह लक्ष्मेंद्र मलिक रामलाल जाट प्रीतम माधव जाट आदि सभी श्रमिक मौजूद रहे सभी ने अपने-अपने चेक के माध्यम से भुगतान प्राप्त किया।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**एक की हालत गंभीर, भीलवाड़ा रेफर**

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शहर के भीलवाड़ा रोड स्थित रायपुर चौराहे पर गुरुवार को एक रोडवेज बस और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में सोहेल खान (22 वर्ष), पुत्र अजगर खान एवं शोएब अंसारी (21 वर्ष), पुत्र खाजू अंसारी, दोनों निवासी शाहपुरा, घायल हो गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तुरंत शाहपुरा के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद शोएब अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय, भीलवाड़ा रेफर कर दिया, जबकि सोहेल खान का उपचार शाहपुरा



के राजकीय चिकित्सालय में जारी है।दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा रायपुर चौराहे पर हुआ, हालांकि टक्कर किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए रायपुर चौराहे पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सुचारु कराया गया। पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# राधेनगर कॉलोनी मे जाने के दो मुख्य द्वार बंद जनता परेशान



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

हलेड रोड स्थित राधेनगर कॉलोनी के दोनों मुख्य द्वार बंद हों जाने से कॉलोनी की जनता परेशान हुई। राधे नगर अध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया की एक रोड पर चंबल प्रोजेक्ट का काम चल रहा है और दूसरी रोड पर बिजली विभाग ने बड़ी लाइन शिफ्टिंग का काम चालू कर दिया और दोनों ही विभागों में आपसी तालमेल नहीं होने के कारण दोनों ही मुख्य द्वार बंद कर दिए जिससे जनता और स्कूल के बच्चे परेशान हों गए ।

अमित व्यास ने बताया की समस्याओं के समाधान के लिए राधे नगर अध्यक्ष लक्की ब्यावट ने तुरंत विधायक प्रतिनिधि सत्तू गूगड़ को मोके पर बुलवाकर यथा स्थिति से अवगत कराया और बिजली विभाग के एइएन विनोद सोनी को बुलवाकर क्राउन पार्क वाला रोड खुलवाया । राधेनगर निवासी अमित व्यास ने बताया की सत्तू गूगड़ ने चंबल प्रोजेक्ट के एक्सइएन रामप्रसाद से बात करके रोड को सही कराने को कहा जिससे जल्द रोड पर गिट्टी डाली जाएगी और बाद मे डामर रोड बनाया जायेगा चंबल वालों की तरफ से और अन्य मांगौ को भी पूरा करने का आश्वासन दिया साथ ही विधायक कार्यालय आने को कहा कॉलोनी वासियो ने विधायक और सत्तू ग़ुगड़ का आभार व्यक्त किया ।

# आम रास्ते को यथा स्थिति रखने एवं वर्षो पुराने रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने को लेकर ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** आम रास्ते को यथा स्थिति रखने एंव वर्षो पुराने रास्ते को राजस्व रिकार्ड मे दर्ज कराने को लेकर छोटा बाका ग्राम वासियों ने आज उपखंड अधिकारी के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

ग्रामवासियों का कहना है कि छोटा बांका में देवनारायण मंदिर से होकर पानी के खाल तक जाने का आम रास्ता दुसरी तरफ देवनारायण मंदिर तक जाने का रास्ता है जिसका लगभग 20 मकानो के ग्राम वासी उपयोग करते आ रहे हैं जिसको अभियुक्तगण हरलाल पिता कल्याण एंव सीताराम पिता कल्याण जाति गुर्जर निवासी छोटा बांका तहसील बिजौलियां द्वारा उक्त आम रास्ते को पूर्ण रूप से बंद करने का प्रयास



किया जा रहा हैं। अभियुक्तगणो का कहना हैं कि उक्त रास्ते की जगह उनकी खातेदारी भूमि में आती हैं। परन्तु उक्त आम रास्ता लगभग 260 वर्षो से भी ज्यादा पुराना हैं एंव तब से ही ग्राम छोटा बांका के निवासीगण उक्त रास्ते का उपयोग करते आ रहे हैं। उक्त रास्ता खसरा संख्या 882/36 एंव 1201/34 से होकर गुजरता हैं। अभियुक्तगणो द्वारा यदि उक्त वर्षो पुराने आम रास्ते का बंद कर दिया जायेगा तो ग्राम छोटा बांका के निवासीयो को उक्त स्थानो पर आने जाने की बहुत बडी समस्या हो जायेगी। यदि उक्त रास्ते के लिए राजस्व विभाग द्वारा डीएलसी दर से राशि मांगी जाती हैं तो वह भी ग्रामवासी जमा कराने के लिए तैयार हैं इसलिए उक्त वर्षो पुराने आम रास्ते को ग्राम वासी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग करते है।

वर्तमान में ग्राम पंचायत द्वारा उक्त रास्ते पर ग्रेवल डाली जा रही हैं जिसे उक्त अभियुक्तगणो ने रूकवा दिया है और दोनो अभियुक्तगण ग्रेवल डालने वाले कर्मचारीयो एंव ग्रामवासियो से लडाई झगडा करने पर उतारू हो रहे हैं। उक्त अभियुक्तगणो के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही फरमाकर उक्त वर्षो पुराने आम रास्ते को यथा स्थिति रखते हुऐ ग्रेवल डालने का काम फिर से शुरू कराने एंव रास्ते को राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने की ग्रामीणों ने मांग की।

# लसाड़िया में शिक्षकों के तबादले को लेकर विद्यार्थियों ने जड़ा ताला

**तीन दिन के आश्वासन पर माने विद्यार्थी, खोला ताला**



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के लसाड़िया गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से शिक्षकों के तबादले को लेकर गुरुवार सुबह छात्रों ने विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर शिक्षक के तबादले को निरस्त करने की मांग की, साढ़े चार घंटे की समझाइश और आश्वासन के बाद विद्यार्थी माने । प्राप्त जानकारी के अनुसार लसाड़िया विद्यालय से मंगलवार देर रात को तीन शिक्षक हेमराज सिंह, राकेश पंचोली व मुकेश कुमार शर्मा का तबादला हुआ, जिस पर गुरुवार सुबह विद्यार्थियों ने विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और मांग कर रहे हैं कि उनमें से शिक्षक हेमराज सिंह का तबादला निरस्त किया जाए ।

सुचना पर कोटड़ी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक विद्यालय पहुंचे और बच्चों से समझाइश की, लेकिन बच्चे हेमराज सिंह का तबादला निरस्त करवाने की मांग पर डटे रहे । साढ़े चार घंटे तक चले समझाइश के बाद तीन दिन के आश्वासन के बाद विद्यार्थी माने और विद्यालय का ताला खोला।

# बिजोलिया में जैन समाज के सबसे वरिष्ठ व्यक्ति का निधन

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ।** कस्बे में दिगंबर जैन समाज की के सबसे वरिष्ठ अधिक उम्र वाले व्यक्ति रतनलाल लूहाड़िया उम्र 102 साल का गुरुवार को निधन हो गया। लुहाड़िया को गत वर्ष सकल दिगंबर जैन समाज बिजोलिया और तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया था। लुहाड़िया काफी संघर्षील व्यक्ति थे श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तीर्थ कमेटी पर भी अपनी सेवाएं देकर काफी समय तक काम किया था उनके परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़कर गए। पूरे सकल दिगंबर जैन समाज मैं गहरा शोक व्यक्त किया।

# उपखंड कार्यालय के बाहर खड़ी हुई कार को चोरों ने बनाया निशाना

स्मार्ट हलचल| गंगापुर

उपखंड कार्यालय के बाहर रात्रि में पार्किंग में खड़ी स्विफ्ट कार को चोरों ने चुराने का प्रयास किया। कार चोरी करने के लिए चोरों ने 20 किलो के बड़े पत्थर से कार का एक शीशा तोड़ा और कार के अंदर घुस कर कार को स्टार्ट करने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। कार के अंदर रखा हुआ गैस सिलेंडर, कार के टूल किट के समान चोर चुरा कर ले गए। गंगापुर कस्बे के मुख्य डाक बंगले के सामने उपखंड कार्यालय के बाहर खड़ी हुई कार भी सुरक्षित नहीं दिखाई दी जिसके चलते हैं पुलिस की गस्त व्यवस्था की पोल खुल गई। वही स्विफ्ट कार के मालिक नंदराम जाट में गंगापुर पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

# बराना में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल|मोड़ का निंबाहेड़ा

**आसींद।** पंचायत समिति क्षेत्र के बराना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया । जिसमें 22 से अधिक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे शिविर में उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह ने कैंप का अवलोकन किया एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी । केम्प प्रभारी तहसीलदार जय सिंह , विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण ने मौके पर ही ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं का हाथों हाथ समाधान किया। शिविर में सैकड़ों की संख्या



में ग्रामीण मौजूद रहे । इस मौके पर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य विष्णु पारीक, प्रशासक सुखदेव भील, उप प्रशासक संगीता पारीक सदस्य सांवत लाल जाट, संपत जाट, तेज सिंह वर्मा, देवीलाल रेगर श्रवण सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों को 10 पुस्तैनी पट्टे वितरित किए गए एवं सात लोगों की राजस्व संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया गया।

# महिला सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया



स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** महिला सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को लेकर राजस्थान पुलिस के डीजीपी एवं राजस्थान पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु उठाये जा रहे विभिन्न उपायों के संबंध में जागरूकता बढाने हेतु महिला सुरक्षा संकल्प के तहत आज राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंधी कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मसूदा पुलिस डिप्टी शिवराज सिंह ने छात्राओं को अधिकारों की जानकारी दी साथ ही साइबर क्राइम के बारे में भी सचेत किया। तथा राज्य सरकार द्वारा जारी हेल्पलाईन नम्बरों तथा कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई व निडर होकर अपने अधिकारों के बारे में जागरूक रहकर अपने उपर हो रहे अत्याचारों के बारे में बोलना आना चाहिए।

डिप्टी शिवराज सिंह ने राजस्थान सरकार द्वारा जारी इमरजेन्सी रेस्पोन्स सपोर्ट सिस्टम फोर सिटीजन 112, राजकॉप सिटीजन ऐप, गरिमा हेल्प लाईन 1090 वन स्टॉफ सुरक्षा सेन्टर, नेशनल वुमन हेल्पलाईन नम्बर 181, नेशनल चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, साइबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 तथा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह राठौड़, कल्पना सिंह, एएसआई कैलाश चन्द्र, अभिताभ सिंह आदि मौजूद थे।

# शिक्षक के तबादले पर बिफरे विद्यार्थी, स्कूल पर ताला जड़ किया प्रदर्शन

**मांग पूरी न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी, समझाइश जारी**

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** जिले के कोटड़ी क्षेत्र के लसाड़िया गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक शिक्षक के स्थानांतरण को लेकर गुरुवार सुबह छात्र-छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। शिक्षकों के तबादले की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में आक्रोशित विद्यार्थी सुबह करीब आठ बजे स्कूल पहुंचे और मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला जड़कर धरने पर बैठ गए। विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्थानांतरण आदेश को तुरंत निरस्त करने की मांग की।

**30 किमी दूर हुआ ट्रांसफर, पढ़ाई प्रभावित होने का डर**

दरअसल, विभाग द्वारा बुधवार को विद्यालय से तीन शिक्षकों के तबादले के आदेश जारी किए गए थे। इनमें हिंदी और संस्कृत विषय पढ़ाने वाले शिक्षक हेमराज सिंह राठौड़ का ट्रांसफर लसाड़िया से करीब 30 किमी दूर बड़ा महुआ स्कूल में कर दिया गया। विद्यार्थियों का कहना है कि हेमराज सिंह बेहतर शिक्षक है। बोर्ड परीक्षाओं के इस सत्र में अचानक उनके जाने से विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी।



**समझाइश के प्रयास रहे बेअसर, जिद पर अड़े बच्चे**

मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय की संस्था प्रधान ममता और अन्य स्टाफ ने आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं को समझाने का काफी प्रयास किया। अधिकारियों को सूचना दिए जाने का भरोसा भी दिलाया गया, लेकिन बच्चे अपनी मांग को लेकर अड़े रहे। सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुआ यह गतिरोध लंबे समय तक जारी रहा, जिससे स्कूल का शैक्षणिक कार्य पूरी तरह ठप हो गया।

**छात्र - छात्राओं ने दी आंदोलन की चेतावनी**

धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि चाहे चार दिन लगे या पांच दिन, जब तक उनके पसंदीदा शिक्षक को वापस इसी स्कूल में नियुक्त नहीं किया जाता, वे मुख्य द्वार से नहीं हटेंगे। अपनी मांग के समर्थन में बच्चों ने आगे चलकर भूखे-प्यासे रहकर भूख हड़ताल शुरू करने का भी एलान किया है। वहीं प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर समाधान निकालने की मांग की जाती रही।

# भारत विकास परिषद आजाद शाखा के खेलकूद सप्ताह में क्रिकेट का रोमांच

## सुमित जागेटिया की 85 रन की विस्फोटक पारी, खेल मैदान पर चौकों-छक्कों की बरसात

## भाविप खेलकूद सप्ताह के दूसरे दिन विवेकानंद ने 79 रन से दर्ज की बड़ी जीत, महिला वर्ग में आजाद ए रही विजेता

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद आजाद शाखा द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद सप्ताह के दूसरे दिन क्रिकेट मुकाबलों में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। विभिन्न वर्गों में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी। मैदान पर मौजूद दर्शकों ने हर मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। शाखा के प्रशांत खटोड़, विनीत शर्मा, अमित सोनी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ वर्ग के सबसे चर्चित मुकाबले में विवेकानंद टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 126 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सुमित जागेटिया ने मात्र 33 गेंदों में नाबाद 85 रनों की तूफानी एवं आकर्षक पारी खेलकर सभी का दिल जीत लिया। उनकी पारी में चौकों और छक्कों की शानदार बरसात देखने को मिली। 126 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाजी टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखाई दी और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। पूरी टीम केवल 47 रन पर सिमट गई। इस प्रकार विवेकानंद टीम ने 79 रनों के बड़े अंतर से शानदार जीत दर्ज की। सुमित जागेटिया को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वसम्मति से मैन ऑफ द मैच चुना गया। महिला वर्ग में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबला खेला। भगत टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आजाद ए टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए मात्र 6 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विजया सोमानी को विमेन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन के पहले मुकाबले में आजाद वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 रन बनाए। जवाब में शिवाजी सुपर जॉइंट्स ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए केवल 6.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर आसान जीत दर्ज की। शानदार खेल के लिए विशाल राठी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में पटेल स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तिलक टाइटंस टीम ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए मात्र दूसरे ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। इस मैच में स्वयं सोमानी के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला सुभाष कैपिटल्स और भगत रॉयल्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुभाष कैपिटल्स ने 45 रन बनाए। जवाब में भगत रॉयल्स की टीम ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन लक्ष्य से मात्र चार रन दूर रह गई।

सुभाष कैपिटल्स ने चार रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले राज आर्यन सेठी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों का उद्देश्य परिषद सदस्यों एवं उनके परिवारों में खेल भावना, आपसी सौहार्द, स्वास्थ्य जागरूकता तथा संगठनात्मक एकता को बढ़ावा देना है।

# 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आशा सहयोगिनियों ने सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में आशा सहयोगिनी कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) द्वारा गुरुवार को अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।संघ की जिला महामंत्री सीता सोनी ने बताया कि आशा सहयोगिनियों, मितानिन फेसीलिटेटर, बीटीटी, बीसी एवं एसपीएस कर्मियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

उन्होंने बताया कि हाल ही में 30 जून एवं 1 जुलाई को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक में देशभर के आशा एवं एनएचएम कर्मियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी निर्णय के तहत 9 जुलाई को जिला स्तर पर 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रमुख मांगों में आशा सहयोगिनी, मितानिन फेसीलिटेटर, बीटीटी, बीसी एवं एसपीएस कर्मियों के लिए न्यूनतम मासिक वेतन 26 हजार से 48 हजार रुपये निर्धारित करना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों के लिए नियमित पदोन्नति कैडर बनाना, वेतन वृद्धि, ठेका प्रथा समाप्त करना, ईपीएफ एवं ईएसआई जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देना, सेवानिवृत्ति पर पेंशन तथा 10 लाख रुपये की एकमुश्त सहायता उपलब्ध कराना शामिल है।इसके अलावा ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर 5 लाख रुपये का मुआवजा, वर्ष में दो बार वर्दी एवं धुलाई भत्ता, अनुभवी कर्मियों को टीकाकरण प्रशिक्षण, अस्पतालों में विश्राम स्थल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा राज्य सरकार द्वारा बजट में घोषित 10 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का लाभ तत्काल देने की मांग भी की गई।इस अवसर पर प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी एवं भारतीय मजदूर संघ भीलवाड़ा के जिला मंत्री हरीश सुवालका ने भी कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। ज्ञापन कार्यक्रम में सुरज शर्मा, सीमा सेन, छोटी जीनगर, सुशीला जोशी, स्नेहलता शर्मा, सुमित्रा, सुनीता दाधीच, सुनीता टेलर, देवेंद्र सहित बड़ी संख्या में आशा सहयोगिनी एवं संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अभाविप द्वारा करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन, 250 विद्यार्थियों को मिला प्रेरणादायी मार्गदर्शन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपने भविष्य एवं करियर से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम में अभाविप के विभाग प्रमुख श्री प्रशांत सिंह परमार का प्रवास रहा। मंचासीन अतिथियों में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री बी.एल. जागेटिया, अभाविप इकाई अध्यक्ष श्री लविश जीनगर एवं इकाई सचिव श्री विठ्ठल शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री प्रशांत सिंह परमार ने लगभग 250 विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन



तथा सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि, क्षमता एवं कौशल के अनुरूप करियर का चयन करना चाहिए तथा निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित एवं समाजहित के प्रति सजग रहते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान भी किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने मार्गदर्शन सत्र को अत्यंत उपयोगी बताते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त की।

# उपश्रम आयुक्त की पहल रंग लाई, सिल्वर फैब फैक्ट्री श्रमिक विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान

## आपसी समझौते से श्रमिकों को मिले सभी देय हित लाभ, फैक्ट्री प्रबंधन ने चेक के माध्यम से किया भुगतान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** टेक्सटाइल उद्योग की सिल्वर फैब फैक्ट्री से जुड़े श्रमिकों एवं प्रबंधन के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद आखिरकार श्रम विभाग के प्रयासों से सुलझ गया। काम से निकाले जाने की शिकायत को लेकर श्रमिकों द्वारा श्रम विभाग में प्रस्तुत प्रकरण पर लगातार सुनवाई और समझाइश के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता कराया गया। इस प्रक्रिया में उप श्रम आयुक्त कार्यालय के निर्देशन में श्रम अधिकारी शिवदयन सोलंकी, श्रम निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा, महेंद्र



चौहान एवं शिव प्रसाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारियों के सतत प्रयासों और मध्यस्थता के फलस्वरूप श्रमिकों तथा फैक्ट्री संचालक संपत चौरड़िया के बीच सहमति बनी। समझौते के अनुसार सभी प्रभावित श्रमिकों को उनके देय समस्त हित लाभों का भुगतान चेक के माध्यम से कराया गया। भुगतान मिलने के बाद श्रमिकों ने संतोष व्यक्त करते हुए श्रम विभाग के अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर श्रमिकों की ओर से भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) के राज्य सचिव ओमप्रकाश देवानी सहित देवराज सिंह, लक्ष्मेंद्र मलिक, रामलाल जाट, प्रीतम माधव जाट तथा अन्य श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी श्रमिकों ने अपने-अपने चेक प्राप्त किए। श्रम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि विभाग का उद्देश्य श्रमिकों एवं उद्योग प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए श्रमिकों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा करना है। यह समझौता श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और संवाद के माध्यम से विवादों के समाधान का सकारात्मक उदाहरण माना जा रहा है।

# राजस्व चोरी पर सीएम का सख्त संदेश, बोले—धरातल पर दिखे कार्रवाई का असर

स्मार्ट हलचल |जयपुर/भीलवाड़ा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्व अर्जन से जुड़े विभागों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि राजस्व चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कर चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का असर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। अधिकारियों को पहली से अंतिम तिमाही तक राजस्व संग्रहण की गति बनाए रखने और आधुनिक तकनीकों के जरिए कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए।

गुरुवार को राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण प्रदेश के विकास और जनकल्याण की रीढ़ है। उन्होंने अधिकारियों को डिकॉय ऑपरेशन चलाने, नवीन तकनीकों का अधिकतम उपयोग करने तथा अन्य राज्यों की सफल कर प्रणालियों का अध्ययन कर राजस्थान में लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में प्रदेश को 33,969 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.54 प्रतिशत अधिक है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति, फर्जी करदाताओं पर कार्रवाई और तकनीकी सुधारों के चलते राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने जीएसटी रिटर्न फाइलिंग में सख्ती, लंबित न्यायालयीन मामलों की प्रभावी पैरवी तथा कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर चोरी रोकने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और नियमित समीक्षा भी हो।

बैठक में अवैध खनन, अवैध शराब और अवैध वाहनों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने खान विभाग को जीपीएस और सीसीटीवी आधारित निगरानी व्यवस्था लागू करने, आबकारी विभाग को अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज करने तथा परिवहन विभाग को नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों और अपंजीकृत बॉडी बिल्डरों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग को निर्माण कार्यों पर सेस वसूली मजबूत करने, यूआईटी को आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई आवासीय योजनाएं तैयार करने तथा राजस्व विभाग को भूमि उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विकसित और समृद्ध राजस्थान के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# झंडे की रस्म के साथ क़ाछोला में धौलाई वाले बाबा के उर्स का आगाज

## क़ाछोला हजरत निजामुद्दीन निजामी के उर्स पर पहुंचने लगे जायरीन, चादर शरीफ व अकीदत के करेंगे फूल पेश

स्मार्ट हलचल| क़ाछोला

कस्बे में हजरत निजामुद्दीन निजामी धौलाई वाले बाबा की दरगाह पर झंडे की रस्म के साथ व कुरान की तिलावत के साथ उर्स का आगाज हुआ।इससे पूर्व पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने मदरसा के तलबाओ के साथ कुरान ख्वानी की गई और सलातो सलाम के साथ उर्स मुबारक जिंदाबाद व नारा ए तकबीर के साथ उर्स का झंडा दरगाह व उर्स कमेटी सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी के सानिध्य में पेश किया।सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी ने बताया कि 10 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 2 बजे बाई स्तिथ मदरसा से चादर शरीफ



का जलसा अनवर भाई कव्वाल बेंगू व जय हिन्द बेंड अकील भाई निम्बाहेड़ा के साथ शुरू होगा जो बस स्टैंड सदर बाजार होता हुआ शाम 6 बजे धौलाई वाले बाबा की दरगाह पर अकीदतमंदों द्वारा चादर शरीफ व अकीदत के फूल पेश होंगे वही देर शाम अनवर भाई बेंगू कव्वाल द्वारा कलाम पेश होंगे। 11 जुलाई शनिवार को कुल की रस्म के साथ सम्पन्न होंगे।झंडे की रस्म के दौरान मौलाना मोहम्मद शाह आलम, सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, हाजी मोहम्मद शाबिर रँगरेज, कमालुद्दीन रँगरेज, हाजी रमजान अली बिसायती, रफ़ीक़ मोहम्मद मंसुरी, अब्बास अली बिसायती, मुबारिक हुसैन मंसुरी, फिरोज मेवाती, बाबू शाह, महबूब कायमखानी, मुबारिक रँगरेज, असलम मोहम्मद रँगरेज, साहिल मंसूरी, सरफू साह, दानिश मोहम्मद, दिलशाद खान, आसिफ मंसूरी, मोहम्मद आतिफ रँगरेज सहित आदि उपस्तिथ थे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का भीलवाड़ा में विस्तार, युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक जोशी की मौजूदगी में 3 पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जिला कार्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक जोशी की विशेष उपस्थिति में जिला अध्यक्ष रतनलाल आचार्य ने 3 युवा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया।

नव नियुक्त पदाधिकारी:

1. राधेश्याम गाडरी - युवा जिला उपाध्यक्ष 2. विनोद अग्याल - युवा जिला महासचिव 3. सौरभ काबरा - युवा जिला कोषाध्यक्ष



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रतनलाल आचार्य ने कहा कि 'हमारा संगठन पूरी तरह मानवाधिकारों की रक्षा, पर्यावरण संरक्षण और भ्रष्टाचार निवारण के उद्देश्य से कार्य करता है। संविधान और संस्था के नियमों की पालना करते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। नई युवा टीम के गठन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और हम जनसेवा के कार्यों को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।' युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक जोशी ने कहा कि 'युवा साथियों के जुड़ने से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। हम सब मिलकर मानवाधिकार, पर्यावरण और पारदर्शिता के मुद्दों पर काम करेंगे।'

कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और समाज सेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# दुर्घटना बीमा योजना के तहत मिला 10 लाख रुपये का सहायता चेक



स्मार्ट हलचल| काछोला

क्षेत्र की राजगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से दुर्घटना बीमा योजना के तहत एक वर्ष पूर्व बनास नदी में डूबकर मृत हुए घीसा पुत्र गंगाराम बैरवा निवासी कटारियों का खेड़ा के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

समिति व्यवस्थापक शंकरलाल सुथार ने बताया कि एक वर्ष पूर्व घीसा अपनी भैंस चराने बनास नदी किनारे गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। सहकारी समिति में दुर्घटना बीमा होने के कारण परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई।

मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने नॉमिनी जगदीश चंद्र बैरवा को 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संदीप महेश्वरी, मुकेश कुमार पाराशर, किसान नेता बद्रीलाल गुर्जर, सोनू धोबी, नारायण धाकड़, रघुराज सिंह, गोपाल गुर्जर, सांवरा गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पीड़ित परिवार ने विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा सहसंयोजक संदीप सोनी तथा राजगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति की कार्यकारिणी एवं व्यवस्थापक शंकरलाल सुथार का पीड़ित परिवार को संबल देने के लिए धन्यवाद अर्पित किया किया। इस अवसर पर वार्ड पंच सोनू धोबी, निर्मल कुमार मीणा, रघुराज सिह सोलंकी, रामप्रसाद बलाई सहित आदि उपस्थित थे।

# हमीरगढ़ मे डीआईएलआरएमपी सर्वे कार्य शुरू, खातेदारों को फॉर्म-7 (पर्चा नोटिस) लेने की अपील

स्मार्ट हलचल

**हमीरगढ़।** भू-प्रबंध विभाग द्वारा तहसील क्षेत्र हमीरगढ़ में डीआईएलआरएमपी (डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम) योजना के अंतर्गत सर्वे एवं भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण का कार्य शुरू किया जा रहा है। इस संबंध में तहसीलदार (भू.अ.) कार्यालय हमीरगढ़ ने प्रेस नोट जारी कर राजस्व ग्राम हमीरगढ़ के खातेदार किसानों एवं अन्य खातेदारों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर फॉर्म-7 (पर्चा नोटिस) प्राप्त करने की अपील की है।

तहसीलदार एवं सहायक भू-अभिलेख अधिकारी भंवरलाल सेन ने बताया कि राजस्व ग्राम हमीरगढ़ के फॉर्म नंबर 7 (पर्चा नोटिस) के वितरण का कार्य 9 जुलाई 2026 से नगरपालिका परिसर हमीरगढ़ में प्रारंभ किया गया है।

उन्होंने बताया कि सभी खातेदार किसान एवं अन्य खातेदार अपने साथ जमाबंदी की प्रति तथा आधार कार्ड लेकर नगरपालिका परिसर में उपस्थित हों और फॉर्म नंबर 7 (पर्चा नोटिस) प्राप्त करें, ताकि डीआईएलआरएमपी योजना के तहत भूमि सर्वे एवं अभिलेखों के आधुनिकीकरण का कार्य सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके। राजस्व विभाग ने सभी संबंधित खातेदारों से समय पर उपस्थित होकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, जिससे सर्वे कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# विधायकमीणा के सेवा पखवाड़े में 1100 पौधों का महाअभियान



स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** जहाजपुर-कोटड़ी के विधायक एवं भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा के 15 जुलाई को होने वाले जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत रावतखेड़ा में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपीचंद मीणा की मौजूदगी में 1100 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला शक्ति, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। विधायक मीणा ने कहा कि जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने प्रत्येक लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पिपलूंद, रावतखेड़ा, बेड़े, सरसिया एवं भरणी कला ग्राम पंचायतों में भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। पूरे आयोजन में सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनसहभागिता का संदेश देखने को मिला।

# दिल्ली में राष्ट्रीय बैठक संपन्न, संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर



स्मार्ट हलचल

**मांडल।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की राष्ट्रीय बैठक दिल्ली के हनुमान मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष

डॉ. उदित राज के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्ययोजना तथा असंगठित कामगारों एवं कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।भीलवाड़ा सोशल मीडिया प्रभारी शुभम् शर्मा ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष सूरजमल कदम, राष्ट्रीय समन्वयक प्रमोद गांधी सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा श्रमिकों एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सभी पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए युवा संगठन महासचिव राहुल रावल एवं वे स्वयं भी बैठक में उपस्थित रहे। इस दौरान राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी के गठन, संगठन के विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रदेशभर में अधिक से अधिक असंगठित कामगारों एवं कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की गई।

बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने, श्रमिकों एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने तथा संगठन को अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक का समापन संगठन को जन-जन तक पहुंचाने और समर्पित भाव से कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# स्कूलों के बाहर बिक रहा था जहर, बच्चों ने खोली पोल तो दौड़ी पुलिस

## न्यायाधीशों के सामने छात्रों ने उठाया मुद्दा, रालसा के निर्देश पर तंबाकू उत्पाद जब्त, दुकानदारों पर कार्रवाई

स्मार्ट हलचल| महेन्द्र नागौरी

**भीलवाड़ा।** स्कूली बच्चों की सजगता ने आखिरकार प्रशासन को कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर चलाए जा रहे ''ransformative Tuesday' अभियान के तहत आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों ने न्यायाधीशों के सामने खुलासा किया कि उनके स्कूलों के बाहर खुलेआम सिगरेट, गुटखा और बीड़ी की बिक्री हो रही है। शिकायत मिलते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरकत में आया और पुलिस ने स्कूलों के आसपास ताबड़तोड़ छापेमारी कर तंबाकू उत्पाद जब्त करते हुए दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की।

मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में Say No to Drugs, Say Yes to Dreams' विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। महेश पब्लिक स्कूल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय कुमार जैन तथा सेंट एंसलम स्कूल में वाणिज्यिक न्यायालय की न्यायाधीश मीना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और उनसे सीधा संवाद किया।

प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान छात्रों ने बताया कि विद्यालय परिसरों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, जिससे छात्रों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है और शैक्षणिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है।




मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने तत्काल सुभाषनगर, प्रतापनगर और भीमगंज थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही पुलिस टीमों ने महेश पब्लिक स्कूल, राजेंद्र मार्ग स्कूल और सेंट एंसलम स्कूल के आसपास संचालित दुकानों पर औचक छापेमारी की।

कार्रवाई के दौरान कोटपा अधिनियम और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाली दुकानों से बड़ी मात्रा में सिगरेट, बीड़ी, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए। साथ ही संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने कहा कि 'बच्चे और उनके सपने देश का भविष्य हैं। शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू अथवा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और नशामुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।'

इस कार्रवाई के बाद स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वालों में हड़कंप मच गया, वहीं अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे बच्चों के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# चंबल पर पेयजल आपूर्ति का संकट, भीलबस्ती आज भी प्यासी

## 1 किलोमीटर से अधिक दूरी से पानी लाने को मजबूर




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बनेड़ा उपखंड क्षेत्र के उपरेडा में पुराने श्रद्धष हॉस्पिटल, के पास निवासरतवासींदों को, आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय की बालिकाओं को सीनियर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को, एवं भील बस्ती उपरेडा, मैं चंबल की लाइन बिछी होने के बावजूद पेयजल संकट गहराया हुआ है, एवं चंबल की लाइन का पानी की पूरी सप्लाई इस बस्ती में नहीं हो पा रही है जिससे पेयजल के लिए यहां के निवासरत लोगों को 1 किलोमीटर दूर से गौशाला के पास से हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है एक तरफ सरकार ने दावा कर रही है की जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल का कनेक्शन होगा और हर घर में पेयजल आपूर्ति की जाएगी लेकिन यह कहावत केवल खाना पूर्ति हो रही है सरकार दावा कर रही है कि प्रत्येक घर में पेयजल आपूर्ति समय पर की जा रही है विभाग खानापूर्ति करके राज्य सरकार को गलत जानकारी दे रहा है इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता मुबारिक हुसैन मंसूरी (उपरेडा) ने बताया कि उनके द्वारा और क्षेत्रवासियों के द्वारा अनेक बार काफी समय से चंबल योजना के सहायक अभियंता बनेड़ा और अधिशासी अभियंता चंबल विभाग को फोन से पेयजल संकट की समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ और कभी कबार पानी आता है तो मात्र कुछ देर के लिए नल टपकता है और 10-5 मिनट बाद पानी अपने आप बंद हो जाता है इसकी शिकायत भी विभाग को की जा चुकी है लेकिन समाधान नहीं हुआ है जबकि गांव में चंबल पेयजल की टंकी काफी ऊंची बनी हुई है।

इस संदर्भ में जन कल्याण शिविर प्रभारी को भी लिखित में अवगत कराया जा चुका है, इस मोहल्ले में दो-तीन हैंडपंप लगे हुए हैं लेकिन सभी का रहे और फ्लोराइड युक्त पानी से है युक्त है अतः चंबल योजना की पेय जलापूर्ति का स्थाई समाधान किया जाए स्थाई समाधान न होने पर इस मोहल्ले के वीडियो के लिए अलग से पेयजल की आपूर्ति का हेतु नवीन बालिका विद्यालय के आसपास पनघट योजना स्थापित कर नई लाइन डालकर पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान किया जाए।

# 81 किलो डोडा पोस्त और 4 फर्जी नंबर प्लेट बरामद



स्मार्ट हलचल |पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा-कोटा हाईवे पर एएनटीएफ की सतर्कता से मादक पदार्थ तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। टीम ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर एक बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार से 80.970 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। हालांकि कार सवार दोनों तस्कर जंगल और नदी क्षेत्र का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने कार के साथ चार अलग-अलग नंबर प्लेट भी जब्त की हैं।

जानकारी के अनुसार एएनटीएफ टीम भीलवाड़ा-कोटा हाईवे पर वाहनों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान बिगोद-सवाईपुर की ओर से तेज रफ्तार में एक बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार भीलवाड़ा की तरफ जाती दिखाई दी। संदेह होने पर टीम ने कार का पीछा शुरू किया। पुलिस को पीछे आता देख चालक ने कार की रफ्तार और बढ़ा दी तथा हाईवे छोड़कर पौंड्रास गांव की ओर भाग निकला। पीछा करते हुए पुलिस भी गांव पहुंच गई। घबराहट में चालक ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास तीखे मोड़ पर कार मोड़ी, लेकिन वाहन पत्थर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कार में सवार दोनों युवक वाहन छोड़कर खेतों, झाड़ियों और नदी क्षेत्र की ओर भाग निकले। टीम ने पैदल पीछा किया, लेकिन दोनों फरार होने में सफल रहे।

घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कार की तलाशी लेने पर उसमें रखे चार काले प्लास्टिक के कट्टों से 80.970 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। इसके अलावा कार में चार अलग-अलग नंबर प्लेट भी मिलीं, जिनका इस्तेमाल पुलिस से बचने के लिए किए जाने की आशंका है।

सदर थाना पुलिस ने डोडा पोस्त, बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार और चारों नंबर प्लेट जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की सीएमएचओ डॉ सामर ने की सघन मॉनिटरिंग, गर्भवती महिलाओं को दिए सोनोग्राफी वाउचर

स्मार्ट हलचल| बूँदी



गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ. पी. सामर ने जिलेभर में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की सघन मॉनिटरिंग की। इस दौरान उन्होंने जिले के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की तथा संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. सामर ने कहा कि जिले में गर्भवती महिलाओं को पूर्ण सम्मान, संवेदनशीलता और सुरक्षित वातावरण के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत महिलाओं की नियमित प्रसव पूर्व जांच, समय पर उपचार एवं परामर्श सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

उन्होंने बताया कि मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा दी जा रही है। वहीं पिंक पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत एनीमिया नियंत्रण पर विशेष ध्यान देते हुए आयरन की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की गई है तथा आवश्यकता होने पर गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज भी चढ़ाया जा रहा है। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई, जिसमें उच्च जोखिम (हाई रिस्क) वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर प्राथमिकता से उपचार प्रदान किया गया तथा उन्हें विशेष परामर्श दिया गया। डॉ. सामर ने बताया कि अभियान के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई और मां वाउचर योजना के अंतर्गत सोनोग्राफी के लिए मां वाउचर प्रदान किए गए। जांच के दौरान महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए।

अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को आईएफए, कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें गर्भ में पल रहे शिशु एवं स्वयं की देखभाल, सुरक्षित प्रसव और पोषणयुक्त आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ. सामर ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन प्रत्येक माह 9, 18 एवं 27 तारीख को किया जाता है। अभियान की जिला एवं ब्लॉक स्तर पर निरंतर प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है।

# मांडल में लड्ढा ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का किया पदभार ग्रहण



स्मार्ट हलचल |मोड़ का निंबाहेड़ा

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मांडल के पद पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आशा लढ़ा ने कार्य ग्रहण कर लिया । कार्य ग्रहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मुझे इस ब्लॉक की जिम्मेदारी दी गई है मांडल अभी शिक्षा के क्षेत्र में नंबर वन पायदान पर हैं जिसे बरकरार रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे प्रयास किए जाएंगे । ब्लॉक का कोई भी बालक बालिका अनामांकित नहीं रहे साथ ही उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भवन को भी भामाशाहों के माध्यम से नवीन रूप देने का भरोसा दिलाया व कहा कि ब्लॉक के सभी कार्मिको का कोई भी बकाया कार्य हो उसे समय पर निस्तारित किया जाएगा । सभी को साथ लेकर टीम भावना से चलने की बात भी कही । इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र त्रिपाठी ने श्रीमती लढा का स्वागत करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा कार्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी एवं सभी कार्मिकों का परिचय करवाया । इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडल के संस्था प्रधान विनीत कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लढ़ा के नेतृत्व में ब्लॉक में शिक्षा के क्षेत्र मे अच्छी प्रगति करते हुए रेकिंग को सर्वोपरि रखा जाएगा । स्मरण रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण नागर के 30 जून को सेवानिवृत होने के बाद रिक्त पद पर बुधवार को श्रीमती आशा लढ़ा ने कार्य ग्रहण किया है। ये मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हुरड़ा के पद से यहां आई है।इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला प्रभारी सचिव ने किया शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

## वार्ड 49 से 54 के शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ मिला, आज वार्ड 55 से 60 के लिए लगेगा शिविर

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर सिटी।** राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार नगर परिषद गंगापुर सिटी द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर-2026 का गुरुवार को जिला प्रभारी सचिव श्रीमती शिवांगी स्वर्णकार ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में आमजन को दी जा रही विभिन्न सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उपजिला कलेक्टर एवं कार्यवाहक नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीना ने बताया



नगर परिषद सभागार में आयोजित शिविर में वार्ड संख्या 49 से 54 तक के नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में सफाई, स्ट्रीट लाइट, पट्टा, कृषि भूमि नियमन, लीज डीड, पुरानी आबादी एवं 69-ए योजना के पट्टे, उपविभाजन, भवन निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, मुख्यमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनआधार, फायर एनओसी, पेंशन, पालनहार योजना, राशन कार्ड सहित जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सार्वजनिक निर्माण, विद्युत तथा वन विभाग सहित अन्य विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं परिवादों का मौके पर ही निस्तारण भी किया गया।

शिविर के दौरान 10 पट्टे, 2 भवन निर्माण स्वीकृतियां, 3 नामांतरण, 3 प्रधानमंत्री स्वनिधि प्रकरण, 11 स्ट्रीट लाइट, 1 यूडी टैक्स, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के 44, घर-घर कचरा संग्रहण के 3, पूरक पोषाहार के 69, पेंशन के 3, जनआधार के 24, खाद्य सुरक्षा के 12, विद्युत विभाग के 5, सीवरेज के 5 तथा पेयजल के 7 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि 10 जुलाई (शुक्रवार) को शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत वार्ड संख्या 55 से 60 तक के नागरिकों के लिए नगर परिषद सभागार में शिविर आयोजित किया जाएगा। वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

निरीक्षण के दौरान जिला परिषद सवाई माधोपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, पंचायत समिति गंगापुर सिटी विकास अधिकारी डॉ जगदीश गुर्जर सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर कॉलेज में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ

**चित्तौड़गढ़।** स्थानीय महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय जयपुर के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। बदलते दौर में डिग्री के साथ कौशल का होना अत्यंत आवश्यक है।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. हेमेन्द्रनाथ व्यास ने बताया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में B.Com in BFSI, Healthcare Management और Logistics Apprenticeship शामिल हैं। ये कोर्सेज न केवल छात्रों के ज्ञान को बढ़ाएंगे, बल्कि उन्हें भविष्य की कॉर्पोरेट दुनिया के लिए तैयार करेंगे।

# कोटा जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कार्यकारिणी की प्रथम बैठक व पदभार शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** सांगोद कोटा जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कार्यकारिणी की प्रथम बैठक एवं पदभार शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में सांगोद ईदगाह मैदान के मौलाना अबुल आजाद भवन में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम डी चोपदार रहे अध्यक्षता कोटा बूंदी कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने की विशिष्ट अतिथि पीपलदा विधायक, चेतन पटेल,पीसीसी महासचिव डॉ. आज़म बेग,प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक गौरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कुशल पाल सिंह पनाहेड़ा, वक्फ कमेटी सदर मुश्ताक मिर्जा,दिलदार अली,एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, चमन बख्श,मधुसूदन शर्मा,विजय प्रताप सिंह पानाहेड़ा,दुष्यंत शर्मा,वक्फ कमेटी सचिव मजीद भाई सिंगीवाला,वक्फ कमेटी कोषाध्यक्ष जब्बार भाई सिंगीवाला,बूँदी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जावेद जेड, झालावाड़ जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक डॉक्टर जीएम सैयद,बारा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक अली हुसैन टीपू अब्दुल मन्नान प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव लियाकत अली,प्रदेश सचिव अप्सरा अंसारी

,स्टेट कोडिनेटर मोहम्मद नासिर मिर्ज़ा,प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव फिरोज खान,अफसार प्रधान रहे कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष कोटा जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग असरार अहमद ने बताया कि कार्यक्रम में जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी यो को मुख्य अतिथि व अध्यक्ष महोदय द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान कर पद की शपथ दिलवाई राजस्थान कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम डी चोपदार मुख्य अतिथि उद्बोधन में कार्यकर्ताओं जिले की समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारीयो को संबोधित करते हुए प्रदेश में कांग्रेस



पार्टी के प्रति इमानदारी वफादारी और पूरी क्षमता से कार्य करके के आम जन मैं पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ाना है साथ ही उन्होंने उद्बोधन में कहा की जिस प्रकार हमारे देश में बीजेपी के द्वारा मुसलमानों की आस्था के केंद्र धार्मिक स्थलों को टारगेट कर नफरत का माहौल बनाया जा रहा है

वह हमारे देश की गंगा जमुना तहजीब को बदनाम करने की साजिश है हमारा देश नफरत से नहीं बाबा साहब के संविधान से चलेगा साथ ही उन्होंने इस पदभार शपथ ग्रहण शानदार कार्यक्रम आयोजन पर देहात जिला अध्यक्ष असरार अहमद कोटा देहात की पूरी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया

कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे कोटा बूंदी कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल अपने अध्यक्षये उद्बोधन के दौरान सभी नवगठित कार्यकारिणी पदाधिकारी को बधाई देते हुए जनता के कार्यों को सर्वोपरि रखकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए मजबूती से कार्य करने का आह्वान किया मौजूदा समय में युवाओं को अपने भविष्य के प्रति सावधान रहकर आगे बढ़ाने की जरूरत है

कार्यक्रम में पीपल्दा विधायक चेतन जी पटेल अपने अतिथि उद्बोधन में संबोधन करते हुए लोकसभा सांसद व नेता प्रतिपक्ष लोकसभा श्रीमान राहुल गांधी जी की विचारधारा नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का संकल्प जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया कार्यक्रम में अतिथियों को बंटी मीणा वह असरार अहमद के द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक स्वर्गीय भरत सिंह कुंदनपुर की तस्वीर भेंट की गई

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग पदाधिकारी वह सभी जिला अध्यक्षों वह कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व पार्षद मास्टर महमूद खान राजेन्द्र गहलोत अब्दुल इस्लाम शहादत मुलतानी अदनान अली शेख इरशाद आज़ाद पठान मुसब्वीर खान अल्ताफ हुसैन निरंजन जैन सलीम अंसारी महेन्द्र गोचर मोहम्मद इमरान मोहम्मद इनायत मोहम्मद आरिफ़ मोहम्मद शरीफ़ महमूद बेग फूलचंद गोचर मोहम्मद कलाम डॉक्टर मतीन खान नियाज़ अहमद शौकत अंसारी असलम अंसारी इकबाल सिंगी वाला चाँद भाई नियारगीर मंसूर खान रफीक भाई नियारगीर बंटी मीणा सिद्धार्थ सुवालका युसुफ अली रहमान अंसारी इब्राहिम मेवाती यूनुस खान मुबारिक अली अशरफ पठान दानिश खान परवेज खान हाजी असलम बेग मुजाहिद खान शहजाद खान गजेन्द्र सिंह शोएब खान मोहम्मद अजहर ताहिर अंसारी रफ़ीक ठेकेदार ब्रजराज मीणा मोहम्मद सरफराज चांद मोहम्मद मोहन आरिफ मेव नदीम खान साजिद दिनेश सोनी जावेद खान हनिफ शाह हुसैन शाह मोहम्मद ज़हीर अमजद अंसारी आबिद खान सलामउद्दीन की मौजूदगी रही मंच पर उपस्थित रहे जिला देहात अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष वह कार्यक्रम संयोजक श्री असरार अहमद के द्वारा स्वागत एवं धन्यवाद उद्बोधन के दौरान मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का संक्षिप्त परिचय व स्वागत सत्कार किया कार्यक्रम में पधारे कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेताओं और समस्त कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन ज्ञापित किया किया प्रोग्राम के अंत में डॉक्टर आजम बेग के द्वारा सांगोद की ऐतिहासिक धरती पर पधारने के लिए सभी अतिथियों को को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार जताया कार्यक्रम संचालन सलीम अंसारी आजम खान के द्वारा किया गया।

# इंद्रगढ़ अस्पताल परिसर में सरकारी उपभोक्ता भंडार दवा केंद्र का शुभारंभ

## कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलेगी एक ही स्थान पर दवा सुविधा

स्मार्ट हलचल | लाखेरी

उपखंड क्षेत्र में इंद्रगढ़ शहर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को सरकारी उपभोक्ता भंडार दवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र के प्रारंभ होने से अब सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को राज्य सरकार की योजना के तहत मिलने वाली दवाइयाँ अस्पताल परिसर में ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे उन्हें दवाइयों के लिए अन्य स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा तथा समय और धन दोनों की बचत होगी।

शुभारंभ समारोह में नगर पालिका इंद्रगढ़ के अधिशाषी अधिकारी बृजभूषण शर्मा, अस्पताल प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, पेंशनर समाज के अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा, संरक्षक गोपाल गोस्वामी, हेमराज गौतम, गणेश गौतम, शिक्षक संघ के अध्यक्ष जोधराज मीणा, ट्रेजरी विभाग से हरिओम, चिकित्सक डॉ. प्रियंका मीणा एवं डॉ. रितिका शर्मा, दवा केंद्र के संचालक सुनील शर्मा एवं मोहित शर्मा तथा देईखेड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश व्यास सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी, पेंशनर एवं विभिन्न समाजों के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि अस्पताल परिसर में दवा केंद्र प्रारंभ होने से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को आवश्यक दवाइयाँ एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। इससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ होंगी और लाभार्थियों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी। उन्होंने इस पहल को आमजन और सरकारी कार्मिकों के लिए उपयोगी बताते हुए इसके सफल संचालन की शुभकामनाएँ भी दीं।

# लघु उद्योग भारती व राजस्थान वित्त निगम का संयुक्त मेघा औद्योगिक प्रोत्साहन जागरूकता शिविर संपन्न

## 27 करोड़ 72 लाख के ऋण आवेदन एक ही दिन में प्राप्त निगम का 150 करोड़ के प्रकरणों का लक्ष्य

## निगम का उद्देश्य उद्यमो को वित्तीय सहयोग प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाना है- डॉ हरसहाय मीणा

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रान्त व राजस्थान वित्त निगम के संयुक्त तत्वावधान मे आज लघु एवं सूक्ष्म उद्योगो के लिये ''मेगा औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला'' का आयोजन भवन सभागार मे किया गया। कार्यशाला मे राजस्थान वित्त निगम से संबधित उद्यमियो की विभिन्न समस्याओं व जिज्ञासाओं को दूर किया गया कार्यक्रम के प्रारम्भ मे कार्यकारी निदेशक डॉ हरसहाय मीणा व महाप्रबंधक पंकज पुरोहित का दुपट्टा ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। जोधपुर प्रान्त महामंत्री सुरेश कुमार विश्नोई ने बताया कि कार्यशाला मे सूक्ष्म, लघु व सूक्ष्म उद्योगो के ऋण आवेदन प्रक्रिया, ब्याज दरों, वित्तीय सहायता, विभिन्न योजनाओ तथा राजस्थान वित्त निगम द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।





कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राजस्थान वित्त निगम के कार्यकारी निदेशक व भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ट अधिकारी आईएएस डॉ हरसहाय मीणा ने अपने संबोधन मे कहा कि राजस्थान वित्त निगम प्रदेश के औद्योगिक विकास की महत्वपूर्ण धुरी है। निगम का उद्देश्य केवल ऋण उपलब्ध कराना ही नही, बल्कि नये एवं स्थापित उद्यमो को वित्तीय सहयोग प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाना है। उन्होने कहा कि राजस्थान वित्त निगम द्वारा उद्यमियों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध करवायी जा रही है, जिससे प्रदेश मे औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिल रहा है तथा रोजगार के नये अवसर सृजित हो रहे है। महाप्रबंधक पंकज पुरोहित ने कहा कि विगत लगभग 50 वर्षों से राजस्थान वित निगम प्रदेश के लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के विकास मे महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका निभा रही है। यह संस्था अपनी संरचना मे पुनः सुधार कर रही है एवं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप विशेष रूप से युवा, महिला, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के उद्यमियों को स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापना के लिये प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न विशेष योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रहा है।

लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि पूर्व में छोटे एवं सूक्ष्म उद्योगों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ऐसे समय में राजस्थान वित्त निगम ने उद्योगों को वित्तीय सहयोग प्रदान कर उनके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लघु उद्योग भारती, राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चौपड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए राजस्थान वित्त निगम के अनुदान बजट में वृद्धि, उद्योग ऋणों पर ब्याज दरों में कमी तथा क्षेत्रीय वित्त निगम कार्यालयों की स्वीकृति एवं निर्णय लेने की शक्तियों (सेक्शन पावर) में विस्तार करने का सुझाव दिया। एमएसएमई क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने और नए उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए उद्योग ऋणों पर ब्याज दरों में यथासंभव कमी की जानी चाहिए।

### लंबित प्रकरणों का निगम शीघ्र करेगा समाधान- अल्का सलूजा

राजस्थान वित्त निगम की उपमहाप्रबंधक अलका सलूजा ने बताया कि आयोजित शिविर के दौरान राजस्थान वित्त निगम के कार्यकारी निदेशक डॉ हरसहाय मीणा एवं महाप्रबंधक पंकज पुरोहित द्वारा लगभग 27 करोड़ 72 लाख रुपये के ऋण आवेदन प्राप्त किये गये। उन्होंने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में लगभग 150 करोड़ रुपये के ऋण प्रकरणों को स्वीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा ऋण प्रकरणों एवं अन्य फाइलों का त्वरित गति से निस्तारण किया जा रहा है तथा लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे उद्यमियों को समयबद्ध वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके। कार्यशाला के दौरान युवा उद्यमियों ने मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत उपलब्ध ऋण सीमा को 2 करोड से बढ़ाकर 5 करोड रूपये करने की मांग रखी।

कार्यक्रम मे लघु उद्योग भारती के प्रान्त सचिव अलंकृत डागा, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश मुथा, कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार गहलोत, सदस्य राजेन्द्र दवे एवं राजस्थान वित्त निगम के अधिकारी व कर्मचारीगण सहित अनेक युवा उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अन्त मे अतिथियों का आभार व धन्यवाद राजस्थान वित्त निगम की महाप्रबंधक पंकज पुरोहित ने दिया।

# अमरनाथ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का डिपो के बालाजी मंदिर में भव्य अभिनंदन

**मीणा समाज ने किया गर्मजोशी से स्वागत-थली के नवविवाहित दंपति लोकेश-खुशी मीणा ने भी किए बाबा बर्फानी के दर्शन**



स्मार्ट हलचल| टोंक

पवित्र अमरनाथ यात्रा से सकुशल लौटे टोंक के श्रद्धालुओं का गुरुवार को डिपो स्थित बालाजी मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ भव्य अभिनंदन किया गया।

मीणा समाज के जिलाध्यक्ष रामकरण मीणा के नेतृत्व में समाज के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बाबा बर्फानी अमरनाथ की जय' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान हो उठा। अमरनाथ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मबल, अनुशासन, धैर्य और मानसिक दृढ़ता की अनूठी परीक्षा भी है। उन्होंने कहा कि यात्रा की कठिन परिस्थितियां श्रद्धालुओं को सेवा, संयम और सकारात्मक जीवन-दृष्टि का संदेश देती हैं।कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए सभी यात्रियों के सुरक्षित एवं सफल यात्रा पूर्ण कर लौटने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

### नवविवाहित दंपति ने भी किए बाबा बर्फानी के दर्शन

इस अवसर पर थली गांव निवासी नवविवाहित दंपति लोकेश मीणा एवं खुशी मीणा भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विवाह के बाद दोनों ने बाबा बर्फानी के पवित्र दर्शन कर सुखमय दांपत्य जीवन एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने नवदंपति को शुभकामनाएं देते हुए उनके इस आध्यात्मिक संकल्प की सराहना की।

# फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार के सहयोग से बनेगा श्रीमती अरुणा भाटिया जनजाति कन्या छात्रावास

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद्, उदयपुर द्वारा जनजातीय बालिकाओं के सुरक्षित आवास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्य से प्रस्तावित 'श्रीमती अरुणा भाटिया जनजाति कन्या छात्रावास' के नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन समारोह गुरुवार को हिरण मगरी सेक्टर-11 स्थित परिसर में विधिवत सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन समारोह प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. थावरचंद डामोर, प्रांतीय महामंत्री वीरेन्द्र प्रकाश पंचोली, प्रांतीय संगठन मंत्री जगदीश कुलमी, प्रांतीय निर्माण कार्य प्रभारी जगदीश प्रसाद जोशी, संरक्षक गोपाललाल कुमावत तथा कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र मुंद्डा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. थावरचंद डामोर ने कहा कि राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद् जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में सतत कार्य कर रही है। इसी कड़ी में जनजातीय बालिकाओं को सुरक्षित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस छात्रावास के निर्माण के लिए प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने एक करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान किया है। उनकी माताजी श्रीमती अरुणा भाटिया की स्मृति में इस छात्रावास का नाम 'श्रीमती अरुणा भाटिया जनजाति कन्या छात्रावास' रखा गया है। डॉ. डामोर ने बताया कि इससे पूर्व भी अक्षय कुमार ने अपने पिता स्वर्गीय हरिओम भाटिया के नाम से खेरवाड़ा में एक छात्रावास के निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग दिया था।

प्रांतीय संगठन मंत्री जगदीश कुलमी ने कहा कि छात्रावास का उद्देश्य जनजातीय बालिकाओं को सुरक्षित आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कारयुक्त वातावरण तथा व्यक्तित्व विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। यह छात्रावास भविष्य में जनजातीय छात्राओं के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नेतृत्व विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। दोपहर 12:26 बजे आयोजित इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, दानदाता, परिषद् के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थत रहे। समारोह के दौरान उपस्थत सभी अतिथियों ने छात्रावास निर्माण को जनजातीय समाज के शैक्षणिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल बताया।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, प्रधानमंत्री आवास योजना की ड्राफ्ट सूची से छूटे पात्र परिवारों को लाभ देने की मांग

स्मार्ट हलचल | राजसमंद

आम आदमी पार्टी, राजसमंद के जिला संगठन महासचिव पप्पू लाल कीर के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर, राजसमंद को ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की ड्राफ्ट वरीयता सूची में छूटे हुए सभी पात्र परिवारों के नाम पुनः पात्रता के आधार पर शामिल कर योजना का लाभ प्रदान करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि 29 जून 2026 को प्रकाशित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की ड्राफ्ट वरीयता सूची में जिले के अनेक वास्तविक एवं पात्र परिवारों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं। इनमें विशेष रूप से विधवा महिलाएं, दिव्यांगजन, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, कच्चे एवं जर्जर मकानों में रहने वाले तथा अन्य पात्र परिवार शामिल हैं, जिससे वे योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।



आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव अमित वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र गरीब परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। यदि वास्तव में पात्र परिवारों के नाम सूची से छूट गए हैं तो यह गंभीर विषय है। ऐसे सभी पात्र परिवारों का पुनः सत्यापन कर उन्हें पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की अंतिम सूची में शामिल किया जाना चाहिए।

जिला संगठन महासचिव पप्पू लाल कीर ने कहा कि वे ग्राम पंचायत नमाना के मूल निवासी हैं और उन्होंने स्वयं अपने क्षेत्र की ड्राफ्ट सूची का निरीक्षण कर छूटे हुए परिवारों से मुलाकात की है। ग्राम पंचायत नमाना में ही लगभग 40 से अधिक पात्र परिवारों के नाम सूची में शामिल नहीं हैं, जिनमें 12 विधवा महिलाओं के नाम भी शामिल नहीं किए गए हैं, जबकि वे योजना की सभी पात्रताओं को पूरा करती हैं। यदि एक ग्राम पंचायत की यह स्थिति है, तो जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में भी बड़ी संख्या में पात्र परिवार छूटे होने की संभावना है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर सभी पात्र परिवारों को सूची में शामिल करने की मांग की।

ज्ञापन में प्रशासन से ड्राफ्ट सूची की निष्पक्ष पुनः जांच कराने, सभी ग्राम पंचायतों से प्राप्त आपत्तियों एवं दावों का शीघ्र निस्तारण करने तथा किसी भी पात्र परिवार को तकनीकी त्रुटि या अन्य कारणों से योजना से वंचित नहीं रखने की मांग की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार जांच एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कालूराम कुमावत, जिला संगठन महासचिव पप्पू लाल कीर, कैलाश चंद्र कुमावत, रोशनलाल रेगर, जगदीश गाडुलिया, मांगीलाल रेगर, सुखलाल कुमावत, पुष्पा देवी भील, लक्ष्मी देवी, किशनलाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संदीप गुप्ता बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला महामंत्री

स्मार्ट हलचल



**टोंक/उनियारा।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता की अनुशंसा पर उनियारा निवासी संदीप गुप्ता को टोंक जिले का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग द्वारा जारी मनोनयन पत्र में संदीप गुप्ता के पूर्व कार्यकाल में संगठन के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान, सक्रिय कार्यशैली एवं समाज सेवा की सराहना करते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संदीप गुप्ता इससे पूर्व उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन जिले में और अधिक मजबूत होगा।

# तैलिक साहू समाज की नगर कार्यकारिणी घोषित, किया सम्मान

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

तैलिक साहू समाज नगर चित्तौड़गढ़ की सामान्य सभा बुधवार शाम गांधीनगर स्थित समाज छात्रावास में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रजनीश साहू ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई तथा समाज के विभिन्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। नगर प्रवक्ता बृजेश कुमार राठौर ने बताया कि नई कार्यकारिणी में देवराज साहू (पार्षद) एवं कमलेश भांगड़ को उपाध्यक्ष, प्रभुलाल डुंगरिया को कोषाध्यक्ष, विष्णु अस्तोलिया को सह-कोषाध्यक्ष, हरीश साहू को सचिव तथा पवन राजोरा को सह-सचिव बनाया गया है।

इसी प्रकार जयप्रकाश नेनवा (एडवोकेट) को विधि सलाहकार तथा भंवरलाल अजमेरा, भेरूलाल आशर्मा, मनोज साहू (स्वदेशी), जीतमल अजमेरा, रामनारायण साहू, सत्यनारायण बाथरा, सोहन बनवार, शंकर साहू सहित अन्य सदस्यों को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। वहीं दीनेश आशर्मा, देवराज जरवाल, लोकेश कुमार खामोरा, दीनेश जादम, राधेश्याम गुंदालिया, विष्णु बाथरा, मनोज आशर्मा, नारायण मंगलुण्डिया एवं राजेश कांकड़दा को प्रचार-प्रसार मंत्री मनोनीत किया गया।

बैठक में मुकेश साहू को सांस्कृतिक सचिव तथा राधाकिशन भांगड़ को सह-सांस्कृतिक सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा राजमल डगवाल, गोपीलाल भांगड़, चन्द्रप्रकाश तेनगरिया, भंवरलाल सुवासिया, किशोर भांगड़, भेरूलाल दशोरा, भगवतीलाल पंडियार, चमनलाल डगवाल, प्रह्लादराय खामोरा एवं रमेशचन्द्र कसोदनिया को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया।

# नवोदय विद्यालय सीतापुरा में कक्षा 6 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

स्मार्ट हलचल |बूंदी

जिले के सीतापुरा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय, बूंदी के प्राचार्य ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति, मुख्यालय नोएडा के दिशा-निर्देशों के अनुसार रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। इच्छुक विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां शामिल) के मध्य होना अनिवार्य है। इसके साथ ही, विद्यार्थी का वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में जिले में संचालित किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना आवश्यक है। विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। यह चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। उन्होंने जिले में कक्षा 5 में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों से इस प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय का परीक्षा परिणाम पूरे भारतवर्ष में सर्वश्रेष्ठ रहता है। उन्होंने बताया कि आवासीय सह-शिक्षा के साथ-साथ बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास की व्यवस्था है। विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, प्रवजन योजना के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान, खेलकूद, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड्स, संगीत, नृत्य व अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास सुनिश्चित किया जाता है।

# जटील ऑपरेशन कर 9 किलो से अधिक की गांठ निकाली

स्मार्ट हलचल | राजसमन्द

आमेट ब्लॉक के साकरड़ा गांव में निवासरत गरीब जनजाति परिवार के लिये मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना देवदूत सी बनकर आई और 63 वर्षीय शंकरी देवी को जीवनदान दिया। शंकरी देवी के पेट में 9 किलो से अधिक की गांठ को योजना में सूचीबद्ध श्री रामचन्द्र मेमोरीयल हॉस्पीटल में चिकित्सको ने जटिल ऑपरेशन कर बाहर निकाल, शंकरी देवी को राहत दी।

परिवार में शंकरी देवी के अलावा दो बेटे है, शंकरी देवी पिछले 7 - 8 महिले से पेट में हो अचानक बनी गांठ से परेशान थी, लेकिन उपचार के कारण कई माह तक अपने बेटो से उन्होंने अपनी बीमारी को छिपायें रखा। शंकरी देवी गमेती के दोनो बेटे गुजरात स्थित अहमदाबाद में प्राईवेट नौकरी करते है, अल्पआय की नौकरी में बमुश्किल उनका जीवन यापन चल रहा है। ऐसे में जब पीड़ा असहनीय हुई तो मां की रूलाई फूट पड़ी और बीमारी की जानकारी दी। एक बार तो बेटे मां की बीमारी के उपचार में लगने वाले रूपयों की खर्च से चिंता में पड़ गये, लेकिन अगले ही पल उनको राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का ख्याल आया तो मां को संबल दिया।

और फिर बेटा दिनेश, मां को आमेट स्थित श्री रामचन्द्र मेमोरीयल हॉस्पीटल लेकर पहुंचा जहां सर्जन डॉ दर्पण दाधीच ने आवश्यक जांचे करवाकर देखा तो बताया की अण्डाशय में बड़ी गांठ बन गई है, जिसको तत्काल ही ऑपरेशन करके निकालना जरूरी है। संस्थान के प्रबंधक डॉ रामानन्द दाधीच ने पूछा कि वे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के लाभार्थी है तो बेटे ने तुरंत जनआधार कार्ड बताया जिसमें मां शंकरी देवी योजना की लाभार्थी पाई गई।

डॉ रामानन्द ने मां और बेटो को भरोसा दिया कि ऑपरेशन योजना के तहत बिल्कुल निःशुल्क हो जायेगा, इसलिये आपको खर्च की चिंता करने की आवश्यकता नही है। अब तो मां और दोनो बेटे तुरन्त उपचार के लिये तैयार हो गये।

सर्जन डॉ दर्पण ने बताया कि शंकरी देवी के जटिल ऑपरेशन में 2 घण्टे से अधिक का समय लगा ऑपरेशन में डॉ नेहा शर्मा, डॉ भगवती दाधीच एवं टीम ने सहयोग किया और शंकरी देवी के अण्डाशय से 9 किलो से अधिक वजन की गांठ निकाली गई।

# बालाहेड़ी में लखेरा समाज के तत्वावधान में निकाली राधा-कृष्ण मंदिर की भव्य शोभायात्रा

### 11 जुलाई को होगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बालाहेडी मैं लखेरा समाज समिति, दौसा के तत्वावधान में ग्राम पंचायत मुख्यालय बालाहेड़ी स्थित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड-बाजों, धार्मिक जयघोष और श्रद्धालुओं की अपार आस्था के बीच निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ाई, जबकि श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।



लखेरा समाज के सहयोग से जीर्ण-शीर्ण हो चुके मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया है। मंदिर में श्री राधा-कृष्ण, शिव परिवार, चौथ माता एवं हनुमान जी की नवीन प्रतिमाओं की स्थापना के लिए धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है।

शोभायात्रा को अखिल भारतीय लखेरा महासभा के महामंत्री जगदीश प्रसाद लखेरा (गंज खेड़ली) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


इस अवसर पर लखेरा समाज, दौसा के अध्यक्ष प्रकाश लखेरा, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, महामंत्री श्याम प्रकाश, पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल, टोडाभीम से ओमप्रकाश एवं जानकीलाल, महुवा से बाबूलाल ,अशोक कुमार, और घनश्याम लखेरा, भुसावर से सुरेशचंद लखेरा, मानपुर से जगन्नाथ, विवाई से विरदीचंद, रमेश भंडारी, रामस्वरूप, मनीष, भगवान सहाय एवं केशव लखेरा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजकों ने बताया कि कलश यात्रा के साथ ही प्रतिमाओं का अधिवास प्रारंभ हो गया है। 10 जुलाई को चाक-भात एवं पाणिग्रहण संस्कार का आयोजन होगा, जबकि 11 जुलाई को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

लखेरा समाज, दौसा के अध्यक्ष प्रकाश लखेरा ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार समाज के सामूहिक सहयोग से कराया गया है। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सभी लखेरा समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ को शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

# जोबनेर की माया जैन बनीं महिला कांग्रेस की झोटवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल| जयपुर



जोबनेर की युवा कांग्रेस कार्यकर्ता माया जैन को राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से झोटवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति जयपुर ग्रामीण (पश्चिम) की महिला अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल की अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत की गई है। माया जैन की नियुक्ति से जोबनेर क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है।

राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की हैं।

नियुक्ति पर माया जैन ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने, महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने तथा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए वे पूरी सक्रियता से कार्य करेंगी।

जोबनेर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने माया जैन को नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र की महिलाओं के लिए भी एक सकारात्मक अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

# साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध हैं कुल्लू और मनाली

कुल्लू को फ़देवताओं की घाटीफ़ के नाम से जाना जाता है। यहाँ का वातावरण शांत, प्राकृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर होता है। कुल्लू अपने मंदिरों, उत्सवों और हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है। व्यास नदी के किनारे बसे ये स्थान हर साल लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

कुल्लू और मनाली, हिमाचल प्रदेश के दो अत्यंत लोकप्रिय पर्वतीय स्थल हैं, जो प्राकृतिक सौंदर्य, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध हैं। व्यास नदी के किनारे बसे ये स्थान हर साल लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। बर्फ से ढकी चोटियाँ, हरे-भरे जंगल, सुंदर घाटियाँ और शांत वातावरण इन स्थलों को किसी स्वर्ग से कम नहीं बनाते।

कुल्लू – देवताओं की घाटी

कुल्लू को फ़देवताओं की घाटीफ़ के नाम से जाना जाता है। यहाँ का वातावरण शांत, प्राकृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर होता है। कुल्लू अपने मंदिरों, उत्सवों और हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है।

प्रमुख आकर्षण :

रघुनाथ मंदिर– यह कुल्लू का सबसे प्रसिद्ध मंदिर है, जिसे भगवान राम को समर्पित किया गया है।

कुल्लू दशहरा– यहाँ का दशहरा उत्सव विश्व प्रसिद्ध है, जिसमें हज़ारों लोग भाग लेते हैं और अलग-अलग देवताओं की झांकियाँ निकाली जाती हैं।

बिजली महादेव मंदिर– एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित यह मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक भावना का संगम है।

मनाली– साहसिक यात्रियों का स्वर्ग

कुल्लू से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित मनाली एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो विशेष रूप से नवविवाहित जोड़ों, ट्रेकिंग और स्कीइंग के शौकीनों के बीच लोकप्रिय है।

प्रमुख आकर्षण :

हिडिम्बा देवी मंदिर– यह मंदिर अद्वितीय वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है और पांडवों की पत्नी हिडिम्बा को समर्पित है।

सोलंग वैली– स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, ज़िपलाइनिंग और स्नोबोर्डिंग जैसी गतिविधियों के लिए आदर्श स्थान।

रोहतांग पास– यह ऊँचाई पर स्थित दर्रा साल के अधिकतर हिस्सों में बर्फ से ढका रहता है और हिमाचल का सबसे आकर्षक स्थान माना जाता है।

वशिष्ठ कुंड– यहाँ के गर्म पानी के स्रोत प्राकृतिक औषधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं।

कुल्लू-मनाली में करने योग्य गतिविधियाँ

रिवर राफ्टिंग (ब्यास नदी में)

ट्रेकिंग (हामटा पास, बीजली महादेव, भृगु झील ट्रेक)

कैंपिंग और बोनफायर

लोक-संगीत और नृत्य का आनंद

हस्तशिल्प, ऊनी कपड़े और लकड़ी के सामान की खरीदारी

यात्रा की उत्तम अवधि

मार्च से जून के बीच का समय गर्मियों की छुट्टियों के लिए सबसे अच्छा है, जबकि दिसंबर से फरवरी तक बर्फबारी और विंटर स्पोर्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। मानसून के समय (जुलाई-अगस्त) यात्रा से बचना बेहतर होता है।

कैसे पहुँचे?


हवाई मार्ग : निकटतम हवाई अड्डा भुंतर (कुल्लू) है, जो मनाली से लगभग 50 किमी दूर है।

सड़क मार्ग : दिल्ली, चंडीगढ़ और शिमला से नियमित बस और टैक्सी सेवा उपलब्ध है।

रेल मार्ग : नजदीकी रेलवे स्टेशन जोगिंदरनगर है, हालांकि चंडीगढ़ से सड़क मार्ग अधिक सुविधाजनक है।

कुल्लू-मनाली केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक अनुभव है– प्रकृति, रोमांच, आध्यात्मिकता और संस्कृति का अनोखा संगम। चाहे आप सुकून भरे पल बिताना चाहें या साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाना, यह स्थल हर तरह से आपको संतुष्टि प्रदान करेगा।





**बारिश के मौसम में हरी-भरी वादियां, पहाड़ों से गिरते झरने और बादलों से ढके रास्ते स्वर्ग से कम नहीं लगते हैं। इस मौसम में घर से निकलकर प्रकृति के करीब किसी जगह पर जाने की चाह रहती हैं। लेकिन इसके लिए जेब में अच्छे खासे पैसे होने जरूरी है। लेकिन भारत खूबसूरत स्थलों को लेकर काफी समृद्ध है, यहां के कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जहां पर आप कम बजट में सैर कर सकते हैं और मानसून का भी लुत्फ उठा सकते हैं।**

# पहाड़ों से गिरते झरने और बादलों से ढके रास्ते स्वर्ग से कम नहीं लगते

ऐसे में अगर आपका बजट कम है, तो भी परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। क्योंकि भारत में कई ऐसी खूबसूरत और फेमस जगहे हैं, जहां पर आप सिर्फ 5,000 रुपए में दिल खोलकर ट्रैवल कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लो-बजट मानसून डेस्टिनेशंस के बारे में बताने जा रहे हैं।

## लैंसडाउन



आप जुलाई में उत्तराखंड के लैंसडाउन की यात्रा कर सकते हैं। हल्की बारिश के मौसम में यह जगह काफी सुहावनी हो सकती है। दिल्ली से लैंसडाउन की दूरी करीब 250 किमी है। आप यहां पर बस के जरिए पहुंच सकते हैं। बारिश के मौसम में यहां पर पर्यटक ताजी हवा का आनंद लेने आते हैं। मानसून में हरियाली और बादल का अद्भुत नजारा काफी मनमोहक हो जाता है।


## टेहरी झील

उत्तराखंड के टिहरी झील घूमन के लिहाज से सबसे अच्छा समय जून से सितंबर और दिसंबर तक है। इस दौरान मौसम काफी सुहावना हो जाता है। झील के पानी में खेलने के साथ आप अन्य कई एक्टिविटी कर सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर्स ट्रिप कर सकते हैं। कैंपिंग, बोटिंग और लोकल खाने आदि को मिलाकर 5,000 रुपए तक का खर्च आएगा। बारिश में झील और पहाड़ों का मिलन दिल छू लेता है।



## भीमताल

उत्तराखंड का नैनीताल हिल स्टेशन लोकप्रिय होने की वजह से यहां पर ज्यादा भीड़ होती है। लेकिन अगर आप भीड़भाड़ से दूर किसी सुकून वाली जगह की तलाश कर रहे हैं, तो आपको उत्तराखंड के भीमताल या नौकुचियाताल जाना चाहिए। यहां पर आपको नैनीताल से कम भीड़ और अधिक सुकून व शांति नजर आएगी। यहां पर आप झील किनारे बैठ सकते हैं, बोटिंग, ट्रैकिंग और बारिश का मजा ले सकते हैं।



## मांडू

मध्य प्रदेश का मांडू हेरिटेज और हरियाली का संगम है। जुलाई से मार्च तक आप कभी यहां पर आ सकते हैं। बारिश के मौसम में यहां पर स्थित महलों की खूबसूरती दोगुनी हो जाती है। दिल्ली या अधिकतर स्थानों से आप मांडू के लिए रेल यात्रा कर सकते हैं। होटल और होम स्टे के साथ स्थानीय भोजन आदि मिलाकर आप कुल 4,500 रुपए के अंदर पूरी कर सकते हैं।

## चिखलदरा

महाराष्ट्र में मानसून में घूमने के लिए वैसे तो कई फेमस और लोकप्रिय जगहे हैं। लेकिन अगर आप कम पैसों में घूमने का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो चिखलदरा की सैर पर जा सकते हैं। मार्च से जून का महीना चिखलदरा घूमने के लिए बेस्ट है। चिखलदरा विदर्भ क्षेत्र का एकमात्र हिल स्टेशन है, जोकि अमरावती जिले में है। यहां पर मानसून में झरनों और कॉफी प्लांटेशन का बेहतरीन दृश्य देख सकते हैं।

# सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहाँ हर कदम पर बिखारा है सौंदर्य



**सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहाँ की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहाँ के जीवन को जीवन्त बनाती है। जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल ज़िले में स्थित सोनमर्ग (जिसका अर्थ है सोने की घाटी) एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गतिविधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।**

## प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहाँ की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहाँ के जीवन को जीवन्त बनाती है।

## प्रमुख आकर्षण स्थल

1. ठाजीवास ग्लेशियर

यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहाँ का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहाँ घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहाँ बर्फ देखने को मिलती है।

2. ज़ोजिला पास

यह दर्रा श्रीनगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊँचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. बालटाल

यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

## रोमांच और गतिविधियाँ

ट्रेकिंग : सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।



फिशिंग : सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

कैम्पिंग : घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

## प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़, और पंछियों की मधुर चहचहाहट – यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

## कैसे पहुंचें

हवाई मार्ग : निकटतम हवाई अड्डा श्रीनगर (लगभग 80 किमी) है।

सड़क मार्ग : श्रीनगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी दृश्य मन मोह लेते हैं।

यात्रा का उपयुक्त समय – मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहाँ हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com